# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 67 ● कटनी ● सोमवार, 10 अप्रैल, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● चैत्र मास कृष्ण पक्ष 5 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935


## गोधरा ट्रेन अग्निकांड में सुनवाई आज

**नई दिल्ली, ईएमएस।** सुप्रीम कोर्ट 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कई दोषियों की जमानत याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करेगा। बेंच जमानत याचिकाओं के साथ-साथ दोषियों की दोषसिद्धि को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर भी सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने 24 मार्च को कहा था कि वह दोषियों की जमानत याचिकाओं का निस्तारण मामले में सुनवाई की अगली तारीख पर करेगा।

## निकोबार द्वीप समूह में आया 5.3 तीव्रता का भूकंप

**नई दिल्ली, ईएमएस।** अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में आज भूकंप के कई झटके महसूस किये गये। पहला भूकंप रविवार को दोपहर करीब 2ः59 बजे निकोबार द्वीप पर आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4.1 रही। वहीं, भूकंप 10 किमी की गहराई में आया। उसके बाद निकोबार द्वीप पर दूसरी बार करीब 4.30 बजे एक भूकंप आया। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.3 थी। यानी भूकंप की तीव्रता बढ़ती जा रही है।




# शिव के बहाने शरद के घर में सेंध

## शताब्दीपुरम में चल रहे शिवपुराण को लेकर भाजपा खेमे में तरह-तरह की चर्चाएं

■ जबलपुर, यशभारत।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों की सरगर्मियां तेज हो गई हैं.। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश भर में सभाएं कर रहे हैं तो मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस भी सत्ता विरोधी लहर पर सवार होने के लिए पूरा दमखम लगा रही है.। । कहते राजनीति में कोई किसी का नहीं होता है, कुछ ऐसा ही हो रहा है उत्तर मध्य विधानसभा में। शिवपुराण के बहाने अपनी दावेदारी और वजनदारी पेश करने की कोशिश हो रही है। शरद के घर में कैसे सेंध लगाई जाए इसमें उनके अपने ही जुट गए हैं। धार्मिक आयोजन कराके भीड़ जुटाने की कोशिश हुई थी लेकिन ऐसा हो नहीं सका। इसके कई कारण सामने आ रहे हैं कहा जा रहा है कि पूरे शहर में बैनर-पोस्टर जमकर लगे है लेकिन आयोजन में भीड़ जमा हो ऐसा कोई प्रबंध नहीं किया गया। सबसे हैरत की बात यह है कि जिनके घर में सेंधमारी हो रही है उनकी फोटो भी बैनर-पोस्टर में साफ नजर आ रही है। मतलब साफ है कि अगर टिकिट मिल जाएगी तो नेता जी से दूर हो जाएंगे और नहीं मिली तो दोस्त तो रहेंगे ही।

### गायिका भी भीड़ नहीं जुटा पाई

धार्मिक आयोजन के तहत एक दिन भजन गायिका का प्रोगाम रखा गया, आयोजनकर्ताओ को पूरा भरोसा था कि इस दिन निश्चित ही भीड़ जमा होगी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। कार्यक्रम स्थल पर भीड़ नहीं होने से भाजपा के बड़े नेता भी समझ गए है कि ऐसा आयोजन करके सिर्फ दिखावा करना है। जनता में आयोजनकर्ता का कोई वर्चस्व नहीं और न ही दमदारी। ऐसी स्थिति में भाजपा के बड़े नेता इस आयोजन को बहुत फीका मान रहे हैं।

### चाचा कमबैक की तैयारी में

विधानसभा क्षेत्र की सियासी चर्चाओं से मिले इनपुट के आधार पर कहें तो चाचा याने पूर्व मंत्री और पूर्व विधायक रहे शरद जैन 2023 में कम बैक कर सकते हैं। इस कमबैक के पीछे कई पहलू है जिसके आधार पर चाचा ने एक बार फिर चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी मजबूत कर दी है। चूंकि पिछली दफा भाजपा के नेता रहे एक बागी होकर निर्दलीय ही उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतर गए थे, जिसके चलते भाजपा के लिए वोट कटवा की भूमिका को उन्होंने निभाया और भाजपा को इस सीट से हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन इस बार संभवतः ऐसी तस्वीर न देखने को मिले इस वजह से शरद जैन अपने मजबूत वोट बैंक को आधार मानकर पार्टी के आला नेताओं के समक्ष अपना रिपोर्ट कार्ड पेश कर चुके हैं और इस विधानसभा सीट से मजबूत दावेदारी की पेशकश भी कर रहे हैं। लेकिन क्या संगठन उनकी मजबूत दावेदारी पर मुहर लगाता है या नहीं यह देखना दिलचस्प होगा।

### जबलपुर की कांग्रेस नेत्री का कारनामा

## घर में काम करने वाली आदिवासी महिला से कराना चाहती है देह व्यापार

### मारपीट से लेकर अन्य प्रकरणों में धार जिले में दर्ज है एफआईआर

■ जबलपुर/धार, यशभारत।

पूर्व मंत्री पर बलात्कार का आरोप लगाने वाली जबलपुर की एक कांग्रेस नेत्री इस समय मुसीबत में है। घर में काम करने वाली आदिवासी महिला ने कांग्रेस नेत्री के खिलाफ अश्लील हरकत करने अवैध संबंध बनाने, गलत तरीके से छूने एवं आए दिन मारपीट करने का मामला थाने में दर्ज कराया है। पूरा मामला धार जिले से जुड़ा है।



आदिवासी महिला की शिकायत पर धार पुलिस ने कांग्रेस नेत्री के खिलाफ धारा 377 एव एसटीएससी एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है। इस संबंध में धार नगर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र धुर्वे ने बताया कि जबलपुर निवासी कांग्रेस नेत्री के खिलाफ घर में काम करने वाली एक आदिवासी महिला ने 2 नवंबर 2022 को अपने साथ मारपीट एवं दुर व्यवहार की शिकायत नौगांव थाने में की थी जिस पर नौगांव पुलिस ने कांग्रेस नेत्री पर उस दिन धारा 294, 323, 506 अपराध कमांक 514/22में मामला दर्ज किया था गत दिवस पीड़िता के धारा 164 मे बयान हुए इसमें पीड़िता ने कांग्रेस नेत्री के खिलाफ अश्लील हरकत करने अवैध संबंध बनाने, गलत तरीके से छूने एवं आए दिन मारपीट करने वाले बयान दिए है इन बयानों के आधार पर कांग्रेस नेत्री पर धारा 377 एव एसटीएससी एक्ट की धाराएं भी बढ़ गई है।

धार नगर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि विभिन्न धाराओं के तहत मामला कायम होने के बाद पुलिस कांग्रेस नेत्री की खोजबीन में जुटी हुई है। रिश्तेदारों व परिचितों के यहां दबिश दी जा रही है जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### तेजी से बढ़ रहा कोरोना ,पाबंदियां शुरू

# 3 राज्यों में मास्क अनिवार्य आज देशभर में मॉकड्रिल

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

देश के ज्यादातर हिस्सों में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए सख्तियों का दौर लौटने लगा है। कई राज्यों ने सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनना फिर अनिवार्य कर दिया है, तो कई प्रदेशों ने बेहद सावधान रहने की हिदायत दी है। जांच में तेजी लाने का भी निर्देश दिया गया है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सभी अस्पतालों, पॉलिक्लीनिक व डिस्पेंसरियों में जांच बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। इस बीच, कोरोना संक्रमण के चलते पैदा होने वाले किसी भी हालात से निपटने की तैयारियों का जायजा लेने के लिए देश भर में सोमवार को मॉकड्रिल हुई जिसमें परखा गया कि हम महामारी से निबटने



संक्रमण को देखते हुए हरियाणा सरकार ने एहतियातन सार्वजनिक स्थानों और स्कूलों में मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है। जिला प्रशासन और पंचायतों को भी कोरोना प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। केरल सरकार ने गर्भवती महिलाओं, बुजुर्ग नागरिकों और अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए मास्क अनिवार्य कर दिया है। पुडुचेरी प्रशासन ने भी तत्काल प्रभाव से सार्वजनिक स्थलों पर मास्क अनिवार्य कर दिया है। वहीं, यूपी सरकार ने राज्य के सभी हवाईअड्डों पर विदेश से आने वाले यात्रियों की जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। सरकारी आदेश में पॉजिटिव पाए जाने वाले नमूनों को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजने को भी कहा गया है।

### दो दिन परखेंगे सरकारी व निजी अस्पतालों की तैयारियां

कोरोना संक्रमण के चलते किसी भी स्थिति से निपटने के लिए देश भर में सरकारी और निजी अस्पतालों में दो दिन मॉकड्रिल होगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों और स्वास्थ्य विभाग के प्रधान और अतिरिक्त मुख्य सचिवों के साथ समीक्षा बैठक में तैयारियों को परखने का निर्देश दिया था।

### मध्य प्रदेश में 47 लाख लोगों ने नहीं लगवाई दूसरी डोज



■ भोपाल, यश भारत।

मध्य प्रदेश में बढ़ते हुए कोरोना संक्रमण के बीच दोहरी चुनौती है। एक तो यह कि लोग बीमारी को लेकर लापरवाह बने हुए हैं। किसी तरह की सावधानी नहीं बरत रहे हैं। दूसरी यह कि 12 वर्ष के ऊपर की छह करोड़ 39 लाख आबादी में पांच करोड़ 92 लाख यानी 94 प्रतिशत को ही दोनों डोज लगी हैं। सतर्कता डोज की स्थिति तो और खराब है।18 वर्ष से अधिक के लोगों में एक करोड़ 36 लाख यानी 25 प्रतिशत ने ही सतर्कता डोज लगवाई है। नौ फरवरी तक सरकारी अस्पतालों ने निश्शुल्क टीका लगाया जा रहा था तो भी लोग टीका लगवाने के लिए आगे नहीं आ रहे थे। अब भारत सरकार ने निश्शुल्क टीका देना बंद कर दिया, इसलिए प्रदेश में कहीं भी सरकरी अस्पताल में टीका नहीं लग रहा है। प्रदेश में कोरोना मरीजों की संख्या पिछले 10 दिन से 25 से ऊपर बनी हुई है।

### » न्यूज गैलरी

## हल्द्वानी जेल में 44 कैदी HIV पॉजिटिव

■ हल्दानी, एजेंसी।

उत्तराखंड के हल्द्वानी जेल में 44 कैदी HIV पॉजिटिव पाए गए। एक महिला कैदी भी HIV पॉजिटिव पाई गई है। एचआईवी रोगियों के लिए एक ART (एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी) केंद्र स्थापित



किया गया है, जहां संक्रमित रोगियों का इलाज किया जाता है। सुशीला तिवारी अस्पताल में ART केंद्र प्रभारी डॉ. परमजीत सिंह ने बातचीत में कहा, मेरी टीम लगातार जेल में कैदियों की जांच करती है और जो भी कैदी HIV से संक्रमित होते हैं उन्हें NACO के दिशानिर्देशों के आधार पर मुफ्त इलाज और दवाएं दी जाती हैं।



## महुआ बीन रहे अधेड़ पर बाघ ने किया हमला

■ उमरिया, यश भारत।

मध्यप्रदेश के उमरिया में बाघ के हमले के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इस बार एक अधेड़ बाघ का शिकार होने से बच गया। नाखून-दांत लगने से वह गंभीर रूप से घायल हुआ है। बता दें कि उमरिया जिले का बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघों के लिए जितना ही प्रसिद्ध है, उतना ही लोगों के लिए खतरनाक भी साबित हो रहा है। यहां रविवार को ग्राम पलझा का रहने वाला 50 वर्षीय व्यक्ति गुड्डा रजक पर बाघ ने हमला कर दिया। गुड्डा रजक बफर जोन में महुआ बीनने गया था, तभी बाघ से उसका सामना हो गया। वन विभाग की मदद से घायल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमरपुर में भर्ती करा दिया गया है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र के परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि यह परिक्षेत्र पनपथा के बफर जोन में आता है। टूरिज्म एरिया के पीछे की घटना बताई जा रही है।

### नाखून और दांत लगने से गंभीर घायल

### इलाके में सुरक्षा बलों का फ्लैग मार्च

## जमशेदपुर में हिंसक झड़प के बाद इंटरनेट बंद, धारा 144 लागू

### अफवाह ना फैलाने की अपील

■ जमशेदपुर, एजेंसी।

जमशेदपुर में शनिवार रात दो पक्षों में हुई हिंसक झड़?प रविवार को तेज हुई। कई दुकानों में आग लगा दी गई जमकर पत्थरबाजी हुई। देर रात मामला शांत हुआ। सोमवार की सुबह स्थिति नियंत्रण में है। जमशेदपुर में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। सुरक्षा बल तैनात हैं इलाके में धारा 144 लागू की गई है।कदमा शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर दो में रविवार की शाम दो समुदायों के बीच पत्थरबाजी हुई। पत्थरबाजी के बाद पुलिस को फायरिंग की भी सूचना मिली। पुलिस ने भी हालात पर नियंत्रण के लिए हवाई फायरिंग की। पत्थरबाजों ने दुकानों में आग लगा दी। छह दुकानें, दो बाइक जला दी गई।हालात पर काबू पाने के लिए झारखंड अग्निशमन और टाटास्टील की दो दमकल गाड़ी मंगाई गई। करीब तीन घंटे तक चली पत्थरबाजी में एसएसपी प्रभात कुमार समेत कई पुलिसकर्मी घायल हुए।पुलिस ने पत्थरबाजी और हंगामा कर रहे 60 से ज्यादा युवकों को एक धार्मिक स्थल से हिरासत में लिया। क्षेत्र में अब भी तनाव का माहौल है, लेकिन सुरक्षा बल ने स्थिति अपने नियंत्रण में ले ली है।




यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें

मो. 9407348995, 7999718732


## महाराष्ट्र में टिन शेड पर गिरा नीम का पेड़, 30 से अधिक घायल

## 7 की दर्दनाक मौत

■ मुंबई,ईएमएस।

अकोला जिले के पारस गांव में रविवार को आई बारिश की वजह से एक टिन शेड पर नीम का पेड़ गिर गया। घटना में शेड धराशायी हो गया। देखते ही देखते मौके पर हाहाकार मच गया। अकोला जिले की कलेक्टर नीमा अरोड़ा ने बताया कि घटना में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक घायल हो गए।अकोला जिले की कलेक्टर नीमा अरोड़ा ने बताया कि घटना के दौरान शेड के नीचे करीब 40 लोग मौजूद थे, जिनमें से 36 को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इनमें चार की मौके पर ही मौत हो गई थी। बाद में मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया। डिप्टी सीएम ने कहा, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने तुरंत घटनास्थल का दौरा किया और घायलों का समय पर इलाज सुनिश्चित करने के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों के इलाज के बारे में बात करते हुए फडणवीस ने लिखा, घायलों में से कुछ को जिला सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

### पीएम मोदी के डिग्री विवाद पर बोले- ये कोई मुद्दा नहीं

# पवार का एक बार फिर विपक्षी एकता को ठेंगा !

■ मुंबई, एजेंसी।

नेशनल कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के मुखिया और वरिष्ठ नेता शरद पवार ने एक बार फिर विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे मुद्दे से नाराजगी जाहिर की है। दरअसल विपक्ष द्वारा सत्ताधारी नेताओं की डिग्री को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। शरद पवार ने इसकी आलोचना की है और कहा है कि ये कोई मुद्दा नहीं है और नेता इस पर अपना समय बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा देश कई मुश्किल समस्याओं का सामना कर रहा है। ऐसे में उन पर ध्यान देने की जरूरत है। इससे पहले शरद



पवार ने अदाणी मामले पर भी विपक्ष के स्टैंड की आलोचना की थी और जेपीसी की मांग को खारिज कर दिया था। शरद पवार ने प्रधानमंत्री की डिग्री के विवाद पर कहा कि च्आज कॉलेज डिग्री का सवाल बार-बार पूछा जा रहा है, आपकी क्या डिग्री है या मेरी क्या डिग्री है लेकिन क्या ये राजनीतिक मुद्दा है? पवार ने कहा कि केंद्र सरकार को बेरोजगारी, कानून व्यवस्था, महंगाई जैसे मुद्दों पर घेरा जाना चाहिए या फिर जो अन्य अहम मुद्दे हैं। धर्म और जाति के आधार पर लोगों में अलगाव पैदा किया जा रहा है, महाराष्ट्र में बेमौसम बारिश से किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं ।यह दूसरी बार है, जब शरद पवार ने विपक्ष के स्टैंड से अलग स्टैंड लिया है। हाल ही में शरद पवार ने गौतम अदाणी का बचाव किया था और जेपीसी की मांग को भी खारिज कर दिया था। वहीं विपक्ष द्वारा लगातार अदाणी मामले की जांच के लिए जेपीसी के गठन की मांग की जा रही है।

### हमें ऐसे मुद्दों पर चर्चा करनी चाहिए

बता दें कि आम आदमी पार्टी और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना द्वारा प्रधानमंत्री की डिग्री को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। आम आदमी पार्टी का कहना है कि देश का प्रधानमंत्री पढ़ा लिखा होना चाहिए। केजरीवाल तो प्रधानमंत्री की डिग्री की मांग को लेकर गुजरात हाईकोर्ट तक चले गए, जिसके लिए उन पर 25 हजार का जुर्माना भी लगा।

## डीजे बजाने से मना से रोका तो पड़ोसी ने गर्भवती को गोली मारी

### महिला व गर्भ में बच्चे की भी मौत

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

दिल्ली में डीजे बजाने का विरोध करने पर पड़ोसी ने प्रेग्नेंट महिला को गोली मार दी। परिजन ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां महिला का मिसकैरेज हो गया। रविवार को महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने बताया कि मामला दिल्ली के सिरसपुर इलाके का है। 3 अप्रैल को यहां रहने वाले हरीश के घर पार्टी थी। उसके घर डीजे बज रहा था। पड़ोस में रहने वाली 8 महीने की प्रेग्नेंट रंजू ने इस पर आपत्ति जताई। इस पर दोनों में कहासुनी हुई और हरीश ने गुस्से में रंजू पर गोली चला दी, जो उसकी गर्दन पर जा लगी।परिवार के लोगों ने महिला को मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने बताया कि यहां महिला का गर्भपात हो गया। 9 अप्रैल को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दिल्ली पुलिस के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि 3 अप्रैल को खबर मिली थी कि एक महिला को पड़ोसी ने गोली मार दी है। गर्दन में गोली लगने की वजह से महिला बयान देने की हालत में नहीं थी। उसकी भाभी घटना के वक्त मौके पर मौजूद थी, जिसके बयान के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया।



### बिहार की रहने वाली थी महिला

रविवार को अस्पताल से खबर मिली कि महिला की मौत हो गई है। महिला बिहार की रहने वाली है। दिल्ली में उसका पति मजदूरी करता है, यहां वे किराए के मकान में रहते हैं। हरीश ने रंजू पर अपने दोस्त अमित की बंदूक से गोली चलाई थी। आरोपी हरीश डिलीवरी बॉय है और अमित एक मोबाइल रिपेयर शॉप पर काम करता है। पुलिस ने हरीश और अमित को गिरफ्तार कर लिया है।

# गजब ! इधर कटनी जिला अस्पताल में फिल्म नहीं, कागज में दे रहे एक्सरे रिपोर्ट

**कटनी ।** एक तरफ मौसमी बीमारियों से शहर परेशान है तो वहीं कटनी जिला अस्पताल में अव्यवस्था दिनों दिन हावी होती जा रही हैं । अस्पताल में कभी बिजली बंद तो कभी सीटी स्कैन मशीन खराब और अब ताक एक्सरे मशीन भी चाहे जब बंद हो रही है । आपको जानकारी हैरानी होगी कि जिला अस्पताल में एक साल से डिजिटल एक्सरे फिल्म नहीं है । यहां पर कागज में प्रिंट कर रिपोर्ट दी जाती है । चिकित्सकों की मानें तो कागज के प्रिंटआउट में ठीक से समझ नहीं आता । या फिर यूं कहें कि सिर्फ अंदाज में इलाज चल रहा है। जानकारों की मानें तो बिना डिजिटल फिल्म या कम्प्यूटरीकृत रिपोर्ट के हड्डी में फैक्चर व बीमारी का पता लगा पाना मुश्किल होता है । अस्पताल में डाक्टरों की कमी तो पहले से ही बनी है अब संसाधनों का आभाव भी निरंतर मरीजों की जान पर आफ खड़ा कर रहा है । जिला अस्पताल में अत्याधुनिक सुविधाओं की दुहाई दी जा रही है, बड़ी-बड़ी बिल्डिंग बन गई है, लेकिन न तो समय पर सुविधाओं का मरीजों को लाभ मिल रहा और ना ही इलाज । इन दिनों जिला अस्पताल में हड्डी रोग से जुड़े मरीज खासे परेशान होते हैं । समय पर न तो एक्सरे हो पा रहे हैं और ना ही रिपोर्ट मिलती । इतना ही नहीं एक्सरे के लिए मरीजों को कई दिनों तक परेशान भी होना पड़ता है । हड्डी टूटने का असहनीय दर्द और गंभीर बीमारी की पीड़ा से परेशान मरीजों का समय से एक्सरे न होने के कारण

### ये व्यवस्था है कटनी में एक्सरे यूनिट की

आपको बता दें कि जिला जिला अस्पताल में एक्सरे की छह मशीनें हैं। तीन मशीनें ब्लड जांच केंद्र के सामने व दो मशीनें आइसीयू के पास लगी हैं। सीआर सिस्टम सिर्फ एक लगा है। एक इंस्टॉल होना बाकी है। रेडियोलॉजिस्ट सिर्फ एक आरके डॉ. अठ्या हैं। रेडियोग्राफर वीरेंद्र सूर्यवंशी और अभिषेक सिंह द्वारा एक्सरे किए जा रहे हैं । एक दिन में 50 से 70 एक्सरे होते हैं। बताया गया कि दो रिडोग्राफर एक दिन में 60 से 70 एक्सरे ही कर पाते हैं, जबकि प्रतिदिन 100 से अधिक लोग एक्सरे कराने पहुंचते हैं । प्रतिदिन यहां से 20 से 30 मरीज बिना एक्सरे के लौटते हैं । दूसरे दिन फिर परेशान होते हैं, या फिर निजी अस्पताल में लुटने को विवश होते हैं। अतिरिक्त रेडियोग्राफी की व्यवस्था के लिए न तो जिला अस्पताल प्रबंधन और ना ही जिला प्रशासन ध्यान दे रहा। जनप्रतिनिधियों को समस्या से कोई सरोकार नहीं है।

# गर्मी की बीमारियों से हो जाएं सतर्क, शहर में बढ़ रहे मौसमी बदलाव वाले रोगों के मरीज

**कटनी यशभारत।** कटनी शहर ही नहीं जिले में मौसम के परिवर्तन का सबसे ज्यादा असर बीमारियों के रूप में देखा जा रहा है। मौसम के परिवर्तन से सर्दी खांसी बुखार जैसी वायरल समस्या ही नहीं कई ऐसी बीमारियों के मरीज भी अस्पताल तथा निजी क्लीनिकों में पहुंच रहे हैं जो आम तौर पर गर्मी जनित बीमारियां कहलातीं है। विवाह सीजन शुरू होते ही फूड प्वाइजनिंग वाली बीमारियों ने घर बसाना शुरू कर दिया है। यहीं नहीं कई घरों में बच्चे ही नहीं बड़ों को माता अर्थात चिकनपॉक्स की शिकायतें भी मिल रही हैं। खिरहनी फाटक में ऐसे कुछ मरीज सामने आए हैं। कुल मिलाकर यह बदलाव का मौसम कभी ठंडी हवा की बयार तो कभी तेज गर्मी शरीर पर बुरा असर डाल रहा है।



गर्मियों के मौसम की शुरुआत से ही कई बीमारियों की आशंका बढ़ने लगती है। गर्मी का मौसम अपने साथ तेज तापमान धूप और कई सारी बीमारियां लेकर आता है. यह बीमारियां हमारी जरा सी लापरवाही के कारण हो जाती है। कई लोग गर्मी में निकलने के बाद तुरंत ठंडी चीजों का सेवन कर लेते हैं या फिर आकर तुरंत ठंडा पानी पी लेते हैं, जिसके कारण पेट की समस्या भी हो जाती है। कई लोगों को लू लग जाती है तो कुछ को फूड पॉइजनिंग हो जाती है। इन सभी प्रकार की बीमारियों से किस तरह से अपना बचाव कर सकते हैं। यह सभी का जानना जरूरी है।

**डिहाइड्रेशन-** गर्मियों में पानी की कमी होना एक आम बात होती है. गर्मियों में ज्यादा पसीना निकलता है, जिसके कारण हमारे शरीर में पानी शुगर और नमक का संतुलन गड़बड़ा जाता है। हम जितना पानी पीते हैं, उससे ज्यादा पानी आपके शरीर से निकलता है. आपकी बॉडी से लगातार मल मूत्र और पसीने के जरिए पानी निकलता रहता है। डिहाइड्रेशन आमतौर पर जल्दी ठीक हो जाता है, लेकिन जब आपकी तबीयत बिगड़ती है तो आपको बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. ऐसे में सिरदर्द, प्यास का बढ़ना, थकान, मुंह का सूखना जैसे लक्षण आपको पता चल जाते हैं।

**बचाव –** डिहाइड्रेशन से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं. आप नींबू पानी, नारियल पानी शिकंजी या फिर तरल पदार्थों का सेवन करें. ऐसे में गर्मियों में आने वाले मौसमी फल का सेवन आपके स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छा रहेगा।

**घमौरी-** गर्मियों के मौसम में घमौरी होने की आशंका बहुत ज्यादा होती है. शरीर पर छोटे-छोटे लाल दर्द भरे दाने हो जाते हैं, जिसमें बहुत ही खुजली होती है. आमतौर पर यह तब होता है, जब शरीर के पोर्स लॉक हो गए हो और उनसे पसीना न निकल पा रहा हो। ज्यादा टाइट कपड़े पहनने की वजह से भी घमौरी हो सकती है. शरीर पर यह छोटे छोटे लाल रंग के चकत्ते या दाने निकल आते हैं। घमौरी प्रभावित क्षेत्रों में पीठ, पेट, गर्दन, कमर का आदि भी आ सकते हैं.

**बचाव –** घमौरियों से बचाव के लिए आप कॉटन या सूती कपड़े पहन सकते हैं, ताकि आपकी त्वचा भी सांस ले सके। नहाने के बाद एकदम से कपड़े न पहने पहले अपने शरीर को अच्छी तरह से सुखा लें और उसके बाद ही कपड़े पहने जितना हो सके। खुद को हाइड्रेट रखने के लिए पानी का सेवन ज़रूर करते रहे।

**फूड पॉइजनिंग-** गर्मियों में फूड पॉइजनिंग की परेशानी ज्यादातर लोगों को होती है. ऐसे में वातावरण में रोगाणु तेजी से फैलते हैं और हमारे खाने को दूषित कर देते हैं. इसी दूषित खाने को हम फूड पॉइजनिंग कहते हैं, जोकि पेट से जुड़ी दिक्कतों को बढ़ावा देती हैं.

**बचाव –** आप फूड पॉइजनिंग की इस समस्या से फल हरी सब्जी खाकर बच सकते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि गर्मियों में इन सारी चीजों को अच्छे से धो कर ही खाएं. साथी अगर आप नॉनवेज खा रहे हैं तो उसे पूरी तरह पका कर ही खाएं. बासी या फिर पुराना खाने को बिल्कुल भी न खाएं और बाहर के खाने से परहेज ज़रूर करें.

**टाइफाइड-** गर्मियों में टाइफाइड बुखार होने की भी आशंका होती है. टाइफाइड पाचन तंत्र और ब्लड स्ट्रीम में बैक्टीरिया के इंफेक्शन की वजह से होता है. इसमें आपको काफी तेज़ बुखार रहता है. तेज बुखार इसका मुख्य लक्षण होता है. साथ ही साथ भूख भी कम लगती है. मसल पेन, सूखी, खांसी, सिर में दर्द या फिर शरीर में दर्द के लक्षण रहते हैं. ऐसे में ठंड लगना, सुस्ती कमजोरी पेट में दर्द होना यह भी इसके सामान्य लक्षण के अंतर्गत ही आते हैं.

**बचाव –** टाइफाइड से बचने के लिए आप दूषित खाना या फिर पानी का सेवन ना करें. पानी को उबालकर ईपीए भोजन को हमेशा गर्म करके ही खाएं. बाहर के खाने से ज्यादा से ज्यादा बचे आप मसालेदार खाने से भी परहेज करें।

मौसमी बीमारियों को गंभीरता से लेना चाहिए समय रहते इसका समुचित उपचार जरूरी है बचाव के साथ इलाज से ही इससे निपटना अच्छा होगा..

*डॉ नीरेश जैन, एमडी*



# कौमी एकता की मिशाल बना रोजा अफ्तार

**कटनी, यशभारत।** शहर में अमन चैन और कौमी एकता बनी रहे इसके लिए नगर निगम के सामने बैंड हाल में कई वर्षो से रोजा अफ्तार का आयोजन किया जाता है जिसके चलते इस वर्ष भी रमजान पर्व के 17वे जुमा पर जनाब गुलाम मुस्तफा उवैदि नियाजी बाबा साहब की सरपरस्ती में रोजा अफ्तार का कार्यक्रम रखा जिसमे हर वर्ग के लोगो ने रोजा अफ्तार में हिस्सा लिया। वही रोजा अफ्तार मैं आरिफ मुस्तफा नियाजी ने देश और शहर में अमन चैन और शांति बनी रहे और सब खुशहाल रहे है इस्की दुआ की। इसके बाद रोजा अफ्तार शुरू हुआ। इस कार्यक्रम पर हिंदू समाज एवं सिंधी समाज एव अन्य धर्मों के लोग शामिल हुए।



# कटनी होकर वंदे भारत ट्रेन के संचालन हेतु सांसद ने लिखा रेल मंत्री को पत्र

### कटनी से संचालित होने से अनेक क्षेत्रों के यात्री होंगे लाभान्वित



**कटनी, यशभारत ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष तथा कटनी खजुराहो लोकसभा सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव को पत्र लिख कर कटनी होकर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को चलाने का आग्रह किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन ने बताया कि सांसद श्री शर्मा ने रेल मंत्री को कटनी से ट्रेन चलाने को लेकर कई लाभ तथा यात्रियों की सुविधाओं की ओर ध्यान दिलाया। श्री वैष्णव को पत्र में सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि रीवा से कटनी जबलपुर इटारसी भोपाल होकर वंदे भारत ट्रेन का संचालन विंध्य एवं महाकौशल क्षेत्र के यात्रियों के लिए ऐतिहासिक निर्णय होगा। श्री शर्मा ने कहा कि कटनी से होकर यह ट्रेन दो रुट जबलपुर तथा दमोह सागर होकर संचालित की जा सकती हैं। दोनो ही रुट इंट्रीग्रेटेड रेल मार्ग हैं। उन्होंने कहा कि ट्रेनें मेरे लोकसभा क्षेत्र खजुराहो सहित पूर्वी मध्यप्रदेश से पश्चिमी मध्यप्रदेश तथा मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल एवं व्यवसायिक नगर इंदौर तक वंदे भारत ट्रेन उपलब्ध हो जाने से संपूर्ण क्षेत्रवासियों को विशेष रेल यात्रा की सुविधा मिल सकेगी। इसके अलावा रीवा रेल्वे स्टेशन उत्तर प्रदेश की सीमा से लगा हुआ होने के कारण उत्तर प्रदेश के प्रयागराज एवं वाराणसी आदि महत्वपूर्ण स्थानों से यात्रा करने वाले रीवा स्टेशन का ही प्रयोग करते हैं जो यात्रियों की प्रयाप्त संख्या के साथ सुलभ साधन बनेगा। सांसद ने रेल मंत्री जी को बताया कि मेरे लोकसभा क्षेत्र का कटनी जंक्शन पर चारों दिशाओं से बहुत बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है क्योंकि मध्य प्रदेश, दक्षिण भारत, छत्तीसगढ़ राज्य सहित प्रदेश एवं देश के सभी रेल मार्गों से जुड़ा हुआ है। विंध्य प्रदेश, महाकोशल, मध्यभारत, मालवा, बुंदेलखण्ड सहित लगभग आधे से अधिक मध्यप्रदेश के निवासियों को राजधानी भोपाल, उच्च न्यायालय जबलपुर एवं इंदौर, तथा व्यवसाय से संबंधित लोगों को व्यवसायिक नगरी इंदौर में कम समय में बेहतर रेल यात्रा के माध्यम से आवागमन सुलभ हो सकेगा। अतः आग्रह है कि विषयांकित रेल मार्गो पर वन्दे भारत ट्रेनों का संचालन कर मध्य प्रदेश के एक बहुत बड़े भू-भाग की जन अपेक्षाओं को साकार करने का कष्ट करेंगे।



# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमदभागवत कथा प्रारंभ

**कटनी, यशभारत।** सिविल लाइन में वैश्य परिवार द्वारा आत्म कल्याण भगवत कृपा प्राप्ति हेतु सिविल लाइन में 9 दिवसीय साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा का प्रारंभ कल 09 अप्रैल, रविवार को विशाल कलश शोभायात्रा से हुई। यात्रा मधई मंदिर से सुबह 9 बजे प्रारंभ हुई। जिसमें कथावाचक सहित आयोजक यजमान के परिजनों के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कथा प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक एवं सायं 04 बजे से सायं 7 बजे तक श्री राधावल्लभ मंदिर वृंदावन के प्रथम प्रधान पीठाधीश्वर नवीन जी गोस्वामी के मुखारविंद से कथा हो रही है। आज 10 अप्रैल से कथा का प्रारंभ श्रीमद्भागवत के महात्म्य को बताकर किया जाएगा, कल 11 अप्रैल को विदुर चरित्र, कुंती चरित्र, बारह अवतार एवं कपिल अवतार की कथा सुनाई जाएगी, इसके बाद शिव सती चरित्र ध्रुव चरित्र की कथा, गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, राम अवतार, भगवान रामजन्म की कथा, कृष्ण जन्म व नंदोत्सव मनाया जाएगा। 14 अप्रैल को भगवान की बाललीला, गोवर्धन पूजा व छप्पन प्रकार का भोग लगाया जाएगा। 15 मार्च को सुदामा चरित्र, मथुरागमन व रुक्मिणी विवाह, कंस वध, गोपी उद्धव संवाद की कथा दत्तात्रे उपाख्यान, योगेश्वर संवाद, भागवत कथा, फूलों की होली के साथ कथा का विश्राम होगा एवं 17 अप्रैल हवन व दोपहर 2 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। वैश्य परिवार ने सभी श्रद्धालुओं से कथा का श्रवण करने का आग्रह किया है। साथ ही कथा स्थल पर विशेष व्यवस्थाएं की हैं।

### भाजपा किसान मोर्चा का जनजागरण अभियान

# जैविक खेती और मोटे अनाज के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन



**कटनी, यशभारत।** भाजपा किसान किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी के निर्देशन एवं जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक टंडन, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कन्हैया तिवारी के मार्गदर्शन म मोर्चा द्वारा कटनी के प्रत्येक मंडल में जन जागरण अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें किसानों को जैविक खेती करने एवं मोटा अनाज उत्पादन हेतु प्रोत्साहित किया गया। रविवार को ग्रामीण मंडल प्रभारी शिवप्रकाश चक्रवर्ती की उपस्तिथि में ग्राम पंचायत पौंसरा में जनजागरण अभियान का आयोजन किया गया इस अवसर पर जिला महामंत्री अवध प्यासी, मंडल अध्यक्ष श्रीराम पटेल, जनपद सदस्य नंदलाल कोरी, कोषाध्यक्ष राजू यादव ,उपाध्यक्ष, बाबू श्याम, कु.प्रीति यादव, रोहित कोरी, सचु यादव व अन्य किसान भाइयों के साथ जैविक कृषि के विषय के अंतर्गत चर्चा की गई। प्रगतिशील जैविक खेती करने वाले किसान राजू यादव के खेत में बैठक का आयोजन किया गया।



# बच्चों को पढ़ाई के लिए कुर्सी-डेस्क, पेयजल व्यवस्था सहित जरूरी सामग्री प्रदान करेगा जायंट्स सहेली ग्रुप

### शपथ समारोह में लिया संकल्प, उत्कृष्ट कार्यों को मिली सराहना

**कटनी,यशभारत।** जायंट्स ग्रुप ऑफ कटनी सहेलियों का शपथ समारोह कार्यक्रम मुख्य अतिथि विधायक संदीप जायसवाल फेडरेशन से स्पेशल कमेटी मेम्बर एमजेएस लाम्बा, फेडरेशन अध्यक्ष गोविन्द गोयल, फेडरेशन सलाहकार मुकेश चंदेरिया, शपथ अधिकारी सुरेंद्र पटेल, ग्रुप संस्थापक गीता जोशी की उपस्थिति में शपथ ग्रहण का आयोजित किया गया। जिसका का संचालन फेडरेशन उपाध्यक्ष दीपिका शर्मा द्वारा किया गया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपाली गुप्ता और उनकी टीम शोभा गुप्ता, आरती सोनी, शोभना खम्परिया, उपाध्यक्ष सुषमा गोस्वामी, सचिव रिली गुप्ता, कोषाध्यक्ष और वरिष्ठ सलाहकार मेम्बर 27 नये सदस्यों जिसमें स्वाति पाठक, किटी गुप्ता, सुनीता नायक, अनामिका श्रीवास्तव, आरती मिश्रा, गीता मलिक, मेधा गुप्ता, वंदना गट्टानी, रिचा सेक्सरीया, जलपा पटेल, किम्पल पटेल, रितु त्रिसोलिया, शिवानी, मोहिनी सोनी, नीता जोशी, अर्चना जैसवाल, रश्मि जैन, मोना साहू, प्रिया सिंह, आशा पटेल, अर्चना सोनी, नीलम अरोरा, साक्षी, दीप्ति अग्रवाल, नीलम सेक्सरिया, रंजना सिंघानिया, रोशनी टीपा, हिना जैसवाल , नम्रता सोनी को समाजसेवा के लिए शपथ दिलाई गई। ग्रुप द्वारा गांव पैसरा पंचायत के सरकारी स्कूल बच्चों के 70 बच्चों को पढ़ने के लिए कुर्सीडेस्क एक पानी की टंकी शौचालय में रखने के लिए और पानी की मोटर, पानी के लिए आरो देने का वादा किया है। फेडरेशन अध्यक्ष 2022 में मेंबर शीपग्रोथ होने पर ग्रुप के लिए सुनियोजित राशि प्रदान की गई। उन्होंने ग्रुप के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। नए अध्यक्ष दीपाली गुप्ता द्वारा अपने कार्यकाल में क्या कार्य करेंगे वह भी बताएं जिसमें उन्होंने ने वृक्षारोपण, वाटर हार्वेस्टिंग और स्कूलों में पानी के लिए व्यवस्था कराना, बेटी बचाओ अभियान, देह दान के लिए प्रेरित करना लोगों को उन्होंने अपना लक्ष्य रखा कि 2023 वह इन कार्यों को जरूर करेंगे और सहेली ग्रुप के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है उनके परिवार में 27 नए मेंबर का आना हुआ और और उनका परिवार पढ़ा हुआ जिसमें सभी सहेलियों का सहयोग रहा सभी के सहयोग से इतने मेंबर जोड़ पाए यह सहेली ग्रुप के लिए बड़े हर्ष का विषय है। इसमें सहेली ग्रुप की सदस्या लक्ष्मी दीक्षित, ममता गर्ग, गौरी साहू, सारिका सोनी, राधा साहू, गीता पाठक, मनीषा गौतम, शशि शुक्ला, आशा दीक्षित, मंजु सिंह, शोभना खंपरिया, रितु तिवारी, मीना शुक्ला, वंदना सोनी, मंजुला गुप्ता, ज्योति तिवारी, संगीता मिश्रा, मयंका चोपरा, अंजना निषाद, अर्चना तिवारी, संध्या कास्तबार, वानी गट्टानी, रश्मि गट्टानी, प्रेमलता सोनी, भारती सोनी, सीमा श्रीवास्तव, कल्पना बड़गैया, अंजू जैसवाल व सभी सहेलियों का सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में सचिव सुषमा गोस्वामी द्वारा आभार प्रकट किया गया।

# कटनी में अगले 24 घंटे में बारिश तथा ओलावृष्टि की संभावना

**कटनी, यशभारत।** मध्यप्रदेश में बीते कुछ दिनों से मौसम में आए दिन नए नए परिवर्तन देखने को मिल रहे है। यहां मौसम में कभी तेज गर्मी, तो कभी अकस्मात भारी बरसात हो रही है।आंधी और तूफ़ान के प्रभाव से प्रदेशभर में मौसम प्रणाली का मिजाज थोड़ा सा बदला हुआ है और बाहर से आने वाली नम हवाओं के असर से गर्मी का इफ़ेक्ट भी कम है। इसी के साथ मौसम विभाग का ऐसा कहना है कि आगामी दो से तीन दिन तक प्रदेश में मौसम का हाल ऐसा ही रहेगा। द्रोणिका के प्रभाव से शनिवार को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आंधी तूफान सहित हल्की बारिश हुई। कटनी जिले में भी बीते दो दिनों से हल्की बारिश हुई है। तेज हवा के साथ बादलों का डेरा भी बना हुआ है लेकिन अगले एक दो दिन में बारिश के साथ ओलावृष्टि की संभावना मौसम विभाग ने जताई हे। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में एक बार फिर से बारिश की एंट्री हो रही है देश में कही बारिश होगी तो कहीं बरसेगी ओला गिरेंगे जिसमें मध्यप्रदेश के मध्य क्षेत्र अर्थात कटनी जिला भी प्रभावित हो सकता है। कटनी सहित आसपास के जिलो में एक बार फिर से बारिश के एक्टिव तंत्र ने किसानो के लिए से एक बड़ी समस्या खड़ी कर दी है। बीते 24 घंटो में प्रदेश के भोपाल, कटनी खरगोन, शुजालपुर में शनिवार को आंधी-तूफान और वर्षा के साथ ओले गिरे। इससे खेतों में कटने को तैयार गेहूं की फसल खराब हो गई। गुना सहित कई जिलों में बारिश हुई।

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में भी बारिश और आंधी-तूफान सहित ओले गिरने की संभावना व्यक्त की है। भोपाल सहित इन 10 जिलों में बारिश हो सकती है। कहीं-कहीं ओले गिरने के भी प्रबल आसार बने हुए है। इस बिन मौसम बारिश, और छाए काले घने बादल ने जहां एक ओर बेमौसम बारिश और ओले गिरने के साथ ही कई इलाकों में 70 प्रतिघंटे की गति से आंधी और तूफान समेत गेंहू की कटी पड़ी फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है। प्रदेश में आज भी भोपाल के अतिरिक्त नर्मदापुरम संभाग, शिवपुरी, मंडला, बालाघाट, बैतूल, खंडवा, खरगोन, गुना, शिवपुरी और अशोकनगर जिले में सामान्य वर्षा हो सकती है। 10 अप्रैल से मौसम में सुधार होगा और धूप निकलेगी। हालांकि, 15 अप्रैल तक ट्रफ लाइन और चक्रवात का प्रभाव बना हुआ है। वहीं जबलपुर संभाग के साथ रीवा सतना कटनी शहडोल उमरिया में एक बार फिर से राजस्थान में शुरू होगा बारिश का दौर तथा ओला गिरेंगे मौसम स्पेशलिस्ट के मुताबिक सेंट्रल राजस्थान पर साइक्लोन सक्रिय है। ट्रफ लाइन महाराष्ट्र के बीच क्षेत्र से लेकर तमिलनाडु तक पहुंच रही है। यही वजह है कि बंगाल की खाड़ी से सफिशिएंट मात्रा में नमी प्रदेश में पहुंच रही है। जिसके कारण सुबह मौसम क्लियर रहता है, लेकिन दोपहर बाद बादलों के एकत्र होने का सिलसिला शुरू होता है और हल्की बूंदाबांदी भी हो जाती है। साथ ही, उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ का दौर जारी है

# बहोरीबंद में क्षेत्रीय प्रत्याशी की मांग ने पकड़ा जोर



**कटनी,यशभारत।** बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के कुआँ में वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। उपस्थित नेताओं ने एक स्वर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ, दिग्विजय सिंह एवं प्रभारी महासचिव जेपी अग्रवाल से विधानसभा चुनाव में क्षेत्रीय व्यक्ति को कांग्रेस की टिकट देने का का आग्रह किया है। बैठक में कहा गया कि क्षेत्र के वरिष्ठ नेता भोपाल जाकर पार्टी के बड़े नेताओं से आग्रह करेंगे तथा जिला के प्रभारी गणों से भी आग्रह करेंगे कि कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए यह जरूरी है कि विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस का विधायक बने और उसके लिए सभी लोगों ने पार्टी के प्रति निष्ठा व्यक्त करते हुए क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति को पार्टी का टिकट देने पर सहमति जताई। बैठक में वरिष्ठ नेता रामनरेश त्रिपाठी, डॉ केएल जैन, नरेंद्र पौराणिक, ब्लॉक अध्यक्ष अजय गर्ग, ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र राय, महिला अध्यक्ष माधुरी जैन, आरके यादव, विद्या पटेल, केशव नायक, आकेश जैन, राकेश साहू, आदित्य दुबे, विजय पटेल, ताम सिंह एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे।

SHRI RAM GROUP, JABALPUR
Affiliated to RGPV, Approved by AICTE, New Delhi, ISO 9001:2008 CERTIFIED
Near ITI Madhotal, Jabalpur 0761-2902220
OPEN CAMPUS DRIVE
DMart
DATE: 11th APRIL 2023, TUESDAY
ELIGIBILITY-(MBA - Marketing/Operations/Retail Management, 2023 Batch)
VENUE: EC SEMINAR HALL, SRIT | 7:30 AM
For Further Enquiry Contact
9111481589, 9111091588

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, सोमवार, 10 अप्रैल 2023

आप तक आपका प्रिय अखबार यश भारत नहीं पहुंच रहा हो तो हमें शीघ्र सूचित करें
फोन- 230033, मो. 9425362893, 8839684296
कार्यालय:- कचहरी चौक, कटनी

# अहाते बंद, अब ढाबों में बैठाकर पिलाई जा रही शराब

## नियमों का खुलेआम हो रहा उल्लंघन, आबकारी विभाग ने साधी चुप्पी

**कटनी, यशभारत। एक अप्रैल से लागू की गई नई आबकारी नीति के तहत शराब दुकानों के अहातों को बंद करा दिया गया है लेकिन इन निर्देशों की जिले में खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। अहाते बंद होने की वजह राज्य सरकार को भले ही हजारों करोड़ा का नुकसान हुआ हो लेकिन न तो शराब पीने वालों की संख्या में कमी आई है और न ही शराब का ठेका लेने की सेहत पर कोई असर हुआ है। अहाते बंद होने के बाद ढाबों ओर रेस्टारेंटों के साथ ही अन्य स्थानों पर खुलेआम न केवल शराब बेची जा रही है बल्कि बैठाकर अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही है।**

इस पूरे मामले में शराब ठेकेदरों को आबकारी विभाग के अधिकारियों का संरक्षण मिला हुआ है। यही कारण है कि हाईवे स्थित होटल, ढाबों और रेस्टोरेंटों में अवैध शराब का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। विदित हो कि मध्यप्रदेश में 1 अप्रैल से नई आबकारी नीति लागू की गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्देश दिए थे कि प्रदेश में एक भी अहाते चालू नहीं रहने चाहिए। निर्देशों में यह भी कहा गया था कि जिले के नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्र में कहीं भी अहातों का संचालन नहीं होगा। शराब दुकानों के साथ लगे अहातों को एक अप्रैल से बंद कर दिया जाएगा। लेकिन जिले में इन निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है। शिकायतों में बताया गया है कि कई स्थानों पर खुलेआम अहातों का संचालन हो रहा है। इस पर कोई रोकटोक नहीं है।

यश भारत **खास खबर**



### एक रेट में नहीं मिल रही शराब

राज्य में नई आबकारी नीति लागू होने के कारण अब दुकानदार शराब को मनमर्जी कीमत पर नहीं बेच सकते। सरकार द्वारा तय किए गए कीमत पर ही शराब बेची जाएगी, इसके साथ ही शराब की दुकानों में सभी तरह के ब्रांड रखने होंगे। दुकानदार ग्राहक को किसी एक ब्रांड की शराब खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकता है। सभी शराब दुकानों में सभी ब्रांड की शराब मिलेगी। इन निर्देशों का भी खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। दुकानों में रेट लिस्ट नहीं लगाई गई है और मनमानी कीमत पर शराब बेची जा रही है।

### अब बैठकर नहीं पी सकेंगे शराब



मध्यप्रदेश सरकार ने शराब की खपत को कम करने के उद्देश्य से राज्य में सभी अहातों को बंद करने का फैसला लिया था। सरकार का मानना है कि अहातों के बंद होने से लोगों के शराब पीने वालों में कमी होगी। 1 अप्रैल से धार्मिक संस्थानों या शिक्षण संस्थानों से 100 मीटर की दूरी पर शराब की दुकान खोलने पर प्रशासन कार्रवाई करेगा, इसके साथ ही शराब के नशे में गाड़ी चलाते हुए पाए जाने पर ड्राइवर का लाइसेंस कैंसिल कर दिया जाएगा। नए नियम लागू होने के बाद पुलिस की सख्ती भी बढ़ गई है।

### पहले था 50 अब किया 100 मीटर

कटनी सहित पूरे प्रदेश की बात करें तो एक अप्रैल के पहले कई शराब दुकानें मंदिर, प्राइवेट व सरकारी स्कूलों के नजदीक चल रही थीं। पहले मंदिर और स्कूल से 50 मीटर की दूरी पर शराब दुकान नहीं होने का नियम था, अब इसे 100 मीटर कर दिया गया है। इस नियम के लागू होने के बाद कटनी में कई स्थानों पर शराब दुकानों को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया है।

### ड्राइविंग लाइसेंस भी होगा निलंबित

राज्य सरकार द्वारा लागू की गई नई शराब नीति के तहत ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित होने का भी प्रावधान किया गया है। यदि कोई वाहन चालक शराब पीकर वाहन चलाता पकड़ा गया तो उसे जुर्माना देना होगा, दूसरी बार फिर वही व्यक्ति शराब पीकर वाहन चलाते मिला तो उसका ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कर दिया जायेगा।



# लाखों का फंड फिर भी स्कूलों की हालत जर्जर

**कटनी, यशभारत।** स्कूलों की मरम्मत के लिए राज्य सरकार द्वारा हर साल लाखों रूपए का फंड आवंटित किया जाता है इसके बाद भी जिले के सरकारी स्कूलों की माली हालत में कोई सुधार नहीं आया है। पिछले साल जिला शिक्षा विभाग को 4 करोड़ रूपए का आवंटन मिला था। इस राशि का गोलमाल कर दिया गया और स्कूलों की हालत जस की तस है। शहर के साथ ही ग्रामीण अंचल क्षेत्रों में अभी भी कई स्कूल ऐसे हैं, जिनकी हालत बद से बदत्तर हो गई है। बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बाकल स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में बना पुराना स्कूल भवन जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। स्थिति यह है कि यहां कभी भी हादसा हो सकता है। जर्जर भवन किसी भी समय ढह सकता है, जिससे बड़ी घटना घटित हो सकती है। जिससे विद्यालय में दर्ज विद्यार्थियों पर जान का खतरा मंडरा रहा है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा कईयों क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया गया है लेकिन इसके बाद भी स्कूल का हालत सुधारने प्रयास नहीं किया गया। ग्राम पंचायत बाकल के सरपंच मनोज पटेल द्वारा बहोरीबंद एसडीएम को भी पत्र सौंपा जा चुका है, लेकिन शिकायत के बावजूद भी जिम्मेदार सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं व विद्यार्थियों की सुरक्षा के प्रति ध्यान नहीं दिया जा रहा है। क्षेत्र में पहले भी बाकल आंगनबाड़ी भवन व खम्हरिया शासकीय माध्यमिक शाला में घटनाएं घटित हो चुकी हैं। छत का प्लास्टर अचानक बच्चों पर गिरने से बच्चे घायल हो गए थे। उसके बावजूद भी विकासखंड के जिम्मेदार विभागीय अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे।

**जर्जर भवन से हादसे की आशंका, जिम्मेदारों ने नहीं दिया ध्यान**

# सीएनआई चर्च में मनाया गया ईस्टर संडे



### आराधना सभा का आयोजन, वचन का प्रकाशन

**कटनी, यशभारत।** प्रभु येसु के मानव प्रेम उद्धार एवं मृत्यु पर विजय का पर्व ईस्टर एस एस फिलिप एंड जेम्स चर्च में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विशेष आराधना सभा का आयोजन किया गया, जो सुबह 8.30 बजे प्रारम्भ होकर 11 बजे समाप्त हुई। रेव्ह थॉमस कुजूर के शास्त्र पठन एवं आराधना की पुकार के उपरांत आराधना प्रारम्भ हुई। अराधना स्तुति युवा सभा द्वारा की गई। वचन का प्रकाशन रेव्ह थॉमस कुजूर के द्वारा किया गया। पूरे कार्यक्रम में सौरव मसीह, डोनाल्ड जैकब, आशीष पाल, वाटसन मसीह, रवि जॉन किरण, राजेश डेविड, राकेश सिंह, डेनियल मोसेस, जेम्स मोसेस, अभिषेक डेविड, नील मैथ्यूस, सामर्थ कुजूर, प्रिंस डेविड, नवीन कोठारे, आकाश मसीह, जस्टिन जैकब, श्वेता कुजूर, एंजेल कुजूर, खुशी मैथ्यूस, मुस्कान जुएल, गोल्डी मसीह, महिमा, विनती, ऑनल, अर्चना, संध्या डेनियल, अभिषेक मैथ्यूस, विनय मसीह आदि का सहयोग सराहनीय रहा।



# शिविर में 154 मरीजों का उपचार

### जैन धर्मार्थ औषधालय ट्रस्ट में शिविर का आयोजन

**कटनी, यशभारत।** स. सिं. कन्हैलाल गिरधारीलाल जैन धर्मार्थ औषधालय ट्रस्ट के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन झंडा बाजार स्थित जैन धर्मार्थ औषधालय में किया गया। शिविर के प्रारंभ में ट्रस्टी प्रसन्न कुमार, सुधीर कुमार, अनिल कुमार, सनत कुमार द्वारा दीप्र प्रज्वलित करने के पश्चात शिविर प्रारंभ किया गया, जिसमे लुधियाना पंजाब से आए डॉ. उपाध्याय एवं वैद्य एस एन त्रिपाठी द्वारा 154 मरीजों की कैल्शियम हड्डी, शुगर की मशीनों द्वारा निःशुल्क जांच करते हुए दवा वितरित की गई।

# लाइब्रेरी से बंदियों को मिलेगी कानूनी जानकारी

### लाम्बा फाउंडेशन ने जिला जेल में लाइब्रेरी के लिए उपलब्ध कराया फर्नीचर





**कटनी, यशभारत।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष धरमिन्दर सिंह राठौर के मार्गदर्शन, जिला न्यायाधीश सचिव दिनेश कुमार नोटिया एवं लाम्बा फाउंडेशन की उपस्थिति में जिला जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बंदियों को शिक्षित करने एवं उनके बौद्धिक विकास के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रेरणा पर लाइब्रेरी हेतु लाम्बा फाउंडेशन द्वारा लाईब्रेरी हेतु 10 टेबिल, 10 कुर्सी, किताबें, पेसिंल, रबर जिला जेल को प्रदाय किया गया। इस मौके पर सचिव ने कहा कि जेल लाइब्रेरी से बंदियों को कानूनी जानकारी से भी जोड़ा जा सकेगा। किताबें उनके लिए भविष्य का रास्ता खोलेंगी। लाइब्रेरी का आना बंदियों में सुधार के कामों को ओर मजबूत करेगा और उनका मानसिक तनाव कम होगा। इससे उनके लिए ज्ञान को अर्जित करने का साधन बनेगा। इस दौरान सचिव ने बंदियों की समस्याएं सुनी और उन्हें दूर करने के लिए जेल अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जेल अधीक्षक प्रभात चतुर्वेदी द्वारा दिनेश कुमार नोटिया की इस अनुकरणीय पहल का स्वागत किया गया एवं आभार व्यक्त किया। सचिव महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से जिला न्यायालय शाजापुर स्थानांतरण हेतु अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की। उक्त अवसर पर श्रीमती प्रीति सेन, श्रीमती अनामिका नोटिया, चमनलाल आनंद, एम जे एस लाम्बा, सुश्री राजेन्द्र कौर लाम्बा, सतवीर कौर लाम्बा, अनूप लाम्बा, जयमाला कौर, अंजीता कौर खत्री, संतोष लोकचंदानी उपस्थित रहे।

### दीपक बने स्लीमनाबाद मंडल के अध्यक्ष

**कटनी, यशभारत।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशानुसार व कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान की अनुशंसा एवं जिला पंचायत सदस्य प्रदीप त्रिपाठी की सहमति से सामाजिक कार्यकर्ता एवं कांग्रेस नेता दीपक तिवारी को भेड़ा स्लीमनाबाद मंडलम अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर बड़वारा विधायक बसंत सिंह, पूर्व विधायक निशिथ पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष गुमान सिंह, जिलाध्यक्ष करन सिंह, विक्रम खम्परिया, राकेश जैन, विद्या पटेल, महिला जिलाध्यक्ष माधुरी जैन, अनुराग मिश्रा, अमित गर्ग, अनुराग मिश्रा, विक्की जैन, आदित्य दुबे, राकेश साहू, महेश तिवारी, अजय विश्वकर्मा, बी एल यादव, जितेंद्र, बालकृष्ण बेन, शेख मुवीन, सचिन, अनुराग, राजेश, छोटू, सुमित तिवारी, राघवेंद्र सिंह, आदित्य दुबेए राकेस साहूएमहेश तिवारी ने बधाई दी है।



# रामचरित मानस गायन के साथ मना हनुमान जन्मोत्सव



**विजयराघवगढ़, यशभारत।** श्री संकट मोचन जगन्नाथ धाम सहित नगर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में श्री हनुमत जन्मोत्सव के पावन अवसर पर प्रातः काल से श्रद्धालुओं का सैलाब दर्शनों के लिए उमड़ पड़ा। स्थानीय संकट मोचन जगन्नाथ धाम में 7 अप्रैल से मानस रसिक पं दीनबंधु तिवारी महाराज अपने परिकरों के साथ संगीतमय अखंड श्री रामचरितमानस पारायण गायन के साथ हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सायंकालीन बेला में आचार्य कृष्णदास पांडेय, वेदाचार्य राकेश उरमलिया, रामावतार त्रिपाठी द्वारा महाभिषेक शोडशोपचार पूजन, महाआरती कराते हुए देर रात्रि तक प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद त्रिपाठी राजा जी, प्रमोद मिश्रा, अनिल शर्मा, राजू गुप्ता, विमलेन्दु पयासी, डॉ अनिल मिश्रा, ओ पी तिवारी, रमाकांत तिवारी, विपिन सोनी, सरमन गुप्ता, प्रमोद शुक्ला, रामनारायण गर्ग, लक्ष्मण यादव, अजीत पांडेय, मुन्नू गुप्ता, डॉ कुसुम त्रिवेदी, जागेश्वर मिश्रा, राजेश गर्ग, जय प्रकाश गौतम, मनोज पांडेय, संदीप मिश्रा, तारा सिंह, संता विश्वकर्मा, जितेन्द्र तिवारी, अरुण मिश्रा की उपस्थिति रही। इसी क्रम में प्राचीन किले के पीछे हनुमान कुज पचमठा धाम गौरहा हनुमान मंदिर नदी पार हनुमान मंदिर में अंजनी नन्दन का जन्मोत्सव मनाया गया। बजरंग दल के युवाओं द्वारा भारी संख्या में उपस्थित होकर डीजे व बैण्डबाजों की धुन में नृत्य करते जय श्री राम के उद्घोष के साथ नगर भ्रमण किया। इस अवसर पर सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।





### उमरियापान कॉलेज में ही होंगी परीक्षाएं


**उमरियापान, यशभारत।** शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को अब दूसरे महाविद्यालय में परीक्षा देने के लिए नहीं जाना पड़ेगा। उमरियापान महाविद्यालय में ही छात्रों की परीक्षा होगी। प्राचार्य डॉ आरती धुर्वे ने बताया कि रादुविवि द्वारा उमरियापान महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। 11 अप्रेल से बीए तृतीय वर्ष के छात्रों की परीक्षा भी शुरू है। अभी यहां के बच्चों को 15 किलोमीटर दूर स्लीमनाबाद कॉलेज जाना पड़ता था, लेकिन अब छात्र यहीं पर परीक्षा देंगे। आवागमन के साथ समय की बचत होगी। आगामी दिनों में शुरू होने वाली परीक्षा की तैयारियों को लेकर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष राजेश ब्यौहार, समिति सदस्यों ने कॉलेज का निरीक्षण किया। छात्रों के हित में अभाविप कार्यकर्ताओं ने उमरियापान महाविद्यालय में ही परीक्षा केंद्र बनाने की मांग की थी। जिसके चलते उमरियापान कॉलेज में ही परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। परीक्षा केंद्र बनने से विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है।

किराए से देना है

एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।


संपर्क-8109417340

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज



07 अप्रैल से रोजाना 4 शो
12.30 PM-2D (AUDI-2)
04 PM-2D (AUDI-1)
6.30 PM-2D (AUDI-2)
10 PM-2D (AUDI-1)
अगस्त 16-1947
कलाकार- गौतम कार्तिक, रिचर्ड एस्टन, जेसन शाह आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज



07 अप्रैल से रोजाना 2 शो
8.30 AM-2D (AUDI-1)
11 AM-2D (AUDI-1)
सुपर मारियो 2डी
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
भीड़ से भरा शानदार दूसरा सप्ताह





07 अप्रैल से रोजाना 4 शो
01 PM-2D (AUDI-1)
3.30 PM-2D (AUDI-2)
07 PM-2D (AUDI-1)
9.30 PM-2D (AUDI-2)
भोला
कलाकार- अजय देवगमन, पुनीत, संजय मिश्रा, गजराज राव, विनीत कुमार आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

# केंद्रीय मंत्री तोमर के खिलाफ दायर खात्मा रिपोर्ट में गवाही देने नहीं आए जांच अधिकारी

## कोविड –19 की गाइडलाइन का उल्लंघन के केस में खात्मा

■ ग्वालियर, यशभारत।

**विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी एमएलए कोर्ट) ने शनिवार को उस मामले की सुनवाई की, जिसमें पड़ाव पुलिस ने कोविड–19 के उल्लंघन के आरोप में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को क्लीन चिट देते हुए खात्मा रिपोर्ट पेश की थी। इस केस की जांच कर खात्मा पेश करने वाले जांच अधिकारी मुकेश शर्मा को गवाही के लिए उपस्थित होना था, लेकिन वे न्यायालय नहीं पहुंचे। कोर्ट ने फिर से समंस जारी कर 29 अप्रैल को जांच अधिकारी को तलब किया है।**



यह है मामला- अक्टूबर 2020 में ग्वालियर चंबल संभाग में विधानसभा का उपचुनाव हुआ था। इस दौरान लोगों की भीड़ के बीच केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर सभा कर रहे थे। पड़ाव थाना पुलिस ने आशीष प्रताप सिंह की शिकायत पर केंद्रीय मंत्री तोमर के खिलाफ कोविड-19 की गाइडलाइन का उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने तोमर को क्लीन चिट देते हुए कोविड-19 की गाइडलाइन के उल्लंघन के केस में खात्मा रिपोर्ट लगाई थी। जिस पर इस केस के फरियादी आशीष प्रताप सिंह ने अपनी गवाही कोर्ट में दे दी, साथ ही साक्ष्यों में फोटो, वीडियो सीडी पेश की है। एफआइआर लिखने वाले दीवान की गवाही हो चुकी है। जांच अधिकारी की गवाही के बाद खात्मा पर फैसला हो सकेगा।

### महिला को पड़ोसी महिला ने चाकू मारा, केस दर्ज

महाराजपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शताब्दीपुरम में रहने वाली श्वेता जादौन अपनी बेटी के साथ बाजार जा रही थी। उनके पड़ोस में रहने वाली रेनू राठौर से उनका झगड़ा चल रहा है। इसी को लेकर रेनू ने श्वेता के साथ मारपीट की और चाकू भी मार दिया। महाराजपुरा थाना पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर ली है। इधर..महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या-मुरार क्षेत्र में रहने वाली महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। करीब छह माह पहले ही उसकी शादी हुई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। मृतका का नाम वर्षा जाटव है। उसकी शादी छह माह पहले सतीश जाटव से हुई थी।

## ओंकारेश्वर बांध से अचानक छोड़ा पानी, नदी में फंसे तीस से ज्यादा लोग, चट्टानों ने बचाई जान

■ इंदौर, यशभारत।

इंदौर के पास ओंकारेश्वर में रविवार को बड़ा हादसा होते-होते बच गया। बांध की देखरेख करने वाली एचएचडीसी कंपनी ने सुबह 11 बजे ओंकारेश्वर बांध से पानी छोड़ दिया। इससे नर्मदा नदी का जलस्तर एकाएक बढ़ गया। उस समय नदी में स्नान कर रहे 30 से श्रद्धालु मंझधार में फंस गए। उन्होंने नदी की चट्टानें पकड़कर अपनी जान बचाई। बाद में नाविक उन्हें बचाने गए। रस्सियों की मदद से उन्हें नाव में बिठाकर किनारे पर लाया गया। रविवार होने के कारण ओंकारेश्वर में काफी भीड़ थी। कंपनी ने भीड़ की परवाह न करते हुए 11 बजे हूटर बजाया और पानी छोड़ दिया। दूसरे प्रदेशों से आए लोगों को हूटर की जानकारी नहीं थी। इससे वह समझ नहीं सके कि हूटर बजने के बाद बांध का पानी नदी में छोड़ा जाएगा। वे नदी में नहाते रहे। जब अचानक बहाव तेज हो गया तो उनकी जान पर बन आई। नागर घाट पर 30 भक्त नदी में फंसे थे। राहत की बात है कि कोई नदी में नहीं बहा। दस मिनट के भीतर आठ नावों में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया और इस तरह उनकी जान बच सकी। इस दौरान पुलिस-प्रशासन की लापरवाही भी साफ नजर आई। ब्रम्हपुरी घाट पर भी छह लोग डूबने लगे थे। उन्हें भी नाविकों ने बचाया।



## पिता और बेटी का रिश्ता हुआ शर्मसार, मंदबुद्धि बेटी संग किया यौन शोषण ; गिरफ्तार

■ भोपाल, यशभारत।

मध्यप्रदेश के भोपाल से रिश्तो को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक पिता ने ही अपनी बेटी का यौन शोषण किया। दरअसल कमला नगर थाना इलाके के नेहरू नगर में बीती रात 11-00 बजे के करीब एक पिता ने अपनी मंदबुद्धि बेटी के साथ इस घृणित हरकत को अंजाम दिया।

### पिता ने किया बेटी का यौन शोषण

पड़ोसी को मंदबुद्धि किशोरी की लगातार चीखने की आवाजें आ रही थी, तो उसे कुछ अनहोनी की आशंका हुई। जिसके चलते पड़ोसी ने सूझबूझ से काम लिया और पुलिस कंट्रोल रूम को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस इलाके में पहुंच गई। जब पुलिस पीड़ित के घर पहुंची तो पता चला कि उसका पिता अपनी मंदबुद्धि बेटी के साथ यौन शोषण कर रहा था। उसके चंगुल से छूटने के लिए ही किशोरी लगातार छीख रही थी।

### बचपन से ही मानसिक रूप से अस्वस्थ है किशोरी

पुलिस ने तुरंत ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसे ले गई। पुलिस को पता चला कि वह अपनी मंदबुद्धि बेटी के साथ पिछले 3 महीनों से ज्यादती कर रहा था। ? जानकारी के मुताबिक नेहरू नगर में रहने वाला 40 साल का व्यक्ति एक निजी काम करता है। आरोपी की पत्नी उससे अलग रहती है। जबकि, उसके साथ 16 वर्ष की उसकी मंदबुद्धि पुत्री और एक छोटा बेटा रहता है। पुलिस ने बताया कि उसकी बेटी बचपन से ही मानसिक रूप से अस्वस्थ है जिसके चलते उसने पढ़ाई नहीं की है। ?

### विरोध करने पर बेटी के साथ करता है मारपीट

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार की रात घर के बराबर में रह रहे पड़ोसी को लगातार पीड़िता के चीखने की आवाजें सुनाई दे रही थी। इसके चलते उससे कुछ अनहोनी होने की आशंका हुई। उसने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को इसकी सूचना दी।सूचना मिलने के बाद पुलिस बताए हुए पते पर पहुंची?। उन्होंने घर में किशोरी को बदहवास हालत में पाया। पुलिस दोनों को थाने ले गई थी, जहां पीड़िता ने बताया कि उसका पिता बीते 3 माह से इस घृणित हरकत को अंजाम दे रहा है और यदि वह विरोध करती भी है तो वह किशोरी के साथ मारपीट करता है। आरोपी पिता पर पुलिस ने पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज कर उसे जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। ?



## भोपाल में ओले गिरे इंदौर समेत कई जिलों में बारिश

■ भोपाल, यशभारत।

**वर्तमान में अलगङ्कअलग स्थानों पर दो मौसम प्रणालियां बनी हुई हैं। इस वजह से अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से लगातार मिल रही नमी के कारण मध्यप्रदेश के अधिकतर शहरों में बादल छा रहे हैं। साथ ही कहींङ्ककहीं गरज चमक के साथ वर्षा हो रही है। शनिवार को भोपाल में लगभग 70 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चली और वर्षा होने के साथ ही बेर के बराबर आकार के ओले भी गिरे।**

इंदौर और भोपाल समेत कुछ जिलों में दिनभर आसमान में बादलों का डेरा रहा। शाम को भोपाल में जबरदस्त बारिश हुई और कुछ इलाकों में ओले भी गिरे। वहीं, इंदौर में भी देर शाम को तेज बारिश हुई। इसी तरह की सूचनाएं सतना एवं अन्य जिलों से भी मिली। आंधी-तूफान के बीच बूंदाबांदी भी हुई है।मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि दो अलग-अलग लोकल सिस्टम बने हुए हैं। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से लगातार नमी मिल रही है। इस वजह से मध्यप्रदेश के ज्यादातर शहरों में बादलों का डेरा रहा। कुछ जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हो रही है। भोपाल में शाम को 70 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चली और बारिश होने के साथ ही बेर के आकार के ओले भी गिरे।ग्रामीण क्षेत्रों में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा है। शनिवार शाम साढ़े पांच बजे तक भोपाल में 4.4, मलाजखंड में 0.6, इंदौर में 0.3, गुना में 0.2 मिलीमीटर बारिश हुई। ग्वालियर, सतना और मंडला समेत कुछ अन्य जिलों में बूंदाबांदी दर्ज हुई। रीवा, शहडोल संभाग के जिलों को छोड़कर लगभग सभी संभागों में इसी तरह की स्थिति रही।

### तापमान में भी गिरावट...

आसमान में बादलों का डेरा रहने का असर पारे में गिरावट के तौर पर देखने को मिला। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार राजस्थान के मध्य में हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना हुआ है। इसके अलावा उत्तर-मध्य महाराष्ट्र से केरल तक एक टर्फ लाइन बनी है। इस वजह से भी मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। रविवार को भी भोपाल-नर्मदापुरम, जबलपुर, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर-चंबल संभाग के जिलों में गरजङ्कचमक के साथ बूंदाबांदी हो सकती है।

बारिश ने दिव्य दरबार में भी खलल डाल दिया। बागेश्वर धाम सरकार की ओर से सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी गई। अपनी पोस्ट में धाम द्वारा कहा गया कि आज कथा के पश्चात अत्यधिक बारिश, आंधी और तूफान आने के कारण समूची व्यवस्था चरमरा गई है। रविवार को दिव्य दरबार में लाखों लोग पहुंचेंगे, इसे देखते देखते हुए पूज्य सरकार ने सभी से अनुरोध किया है रविवार को लगने वाला दिव्य दरबार अब परसों यानी सोमवार को लगेगा। इस दिन आपको %दिव्य दर्शन% और %दिव्य दरबार% दोनों का लाभ मिलेगा।

## पूजा ओझा पैरालंपिक और एशियन गेम्स की तैयारी में जुटी


**भोपाल, ईएमएस।** कनाडा में आयोजित वर्ल्ड कप पैरा कैनो चैंपियन शिप में देश के लिए रजत पदक जीतने वाली पूजा ओझा अब 2024 पैरालंपिक और एशियन गेम्स की तैयारी में जुट गई है। उनके इस मिशन का सफल बनाने में भारतीय कयाकिंग एंव कैनोइंग एसोसिएशन आइकेसीए ने सैंटे फंक्शनल फूड्स एंड न्यूट्रास्यूटिकल्स के साथ करार किया है। इसके तहत पूजा ओझा को पर्याप्त खेलों के लिए पोष्टिक आहर के साथ प्रशिक्षण के लिए 10 हजार का रुपये प्रतिमाह दी जाएगी। जिससे वह अपना ध्यान खेलों पर पूरी तरह केंद्रित करे।

# सिटी सेंटर में साइकिल चोरों का आतंक

## हाउसिंग सोसाइटी में घुसकर चुरा रहे साइकिल

■ ग्वालियर, यशभारत।

शहर के पॉश इलाके सिटी सेंटर में इन दिनों चोरों का आतंक है। चोर भी साइकिल चोरी करने वाले, जो बच्चों से लेकर बड़ों तक की साईकिले चोरी कर रहे हैं। हजारों रुपए कीमत वाली महंगी साइकिल यह चोर चोरी कर रहे हैं। यह लोग घरों के बाहर से लेकर हाऊसिंग सोसायटी में घुसकर साइकिले चोरी कर रहे हैं। इस साईकिल चोरों की वजह से यहां रहने वाले लोग परेशान हैं। जिन लोगों के घर के बाहर से साइकिल चोरी हुई है, उन लोगों ने पुलिस से भी शिकायत की है, लेकिन पुलिस ना तो चोरों को पकड़ पा रही है न ही चोरों को रोक पा रही है।



### यह हैं मामले

- जग्गी सिटी सेंटर स्थित गार्डन होम्स हाउसिंग सोसायटी में रहने वाले बच्चे की साइकिल चोरी हो गई। इसकी कीमत 10 से ?15000 के बीच में है। डॉक्टर सारिका के बच्चे की साइकिल चोरी हुई। उन्होंने यूनिवर्सिटी थाने में शिकायत की है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है, लेकिन चोर का पता नहीं लग सका है। चोर सीसीटीवी कैमरे में भी नजर आया था।

- पटेल नगर में रहने वाले अशोक अग्रवाल के घर के बाहर से साइकिल चोरी हो गई। उन्होंने खुद के लिए ?21000 कीमत वाली साइकिल खरीदी थी। घर के बाहर साइकिल रखी थी यहां से साइकिल चोरी हो गई।

### कहने को साइकिल, कीमत हजारों में

कहने को तो साइकिल चोरी हो रही हैं, लेकिन इनकी कीमत हजारों में है। पुलिस साईकिल की चोरी को गंभीरता से नहीं लेती। पहले तो ऐसे मामलों में एफआईआर दर्ज नहीं की जाती। अगर एफ आई आर दर्ज हो भी जाए तो पुलिस कविता के पड़ताल नहीं करती।

## एमपी में कोरोना के 32 नए मरीज मिलेन्सबसे ज्यादा



## प्रदेश में एक्टिव मरीजों का आंकड़ा 200 के पार

**भोपाल यशभारत।** मध्यप्रदेश में एक बार फिर कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे हैं। शनिवार को प्रदेश में 32 नए मरीज मिले हैं। सबसे ज्यादा भोपाल में 16 नए केस सामने आए, जबकि इंदौर में 7 नए संक्रमित मिले हैं। इसके साथ ही राज्य में कोरोना के एक्टिव मरीजों का आंकड़ा बढ़कर 200 के पार हो गया है। भोपाल में एक्टिव केस की संख्या 113 हो गई है। जो प्रदेश में कुल एक्टिव कोविड मरीजों की संख्या का 56 प्रतिशत है। स्वास्थ्य संचालनालय की कोविड रिपोर्ट के मुताबिक शनिवार को प्रदेश के अलग-अलग जिलों के 490 नमूनों की जांच की गई। इनमें से 32 सैंपल कोविड पॉजिटिव निकले। राज्य की कोविड पॉजिटिविटी का प्रतिशत 6.5 हो गया है। जो इस साल के किसी एक दिन की कोविड पॉजिटिविटी रेट में सबसे ज्यादा है। कोविड के 78 प्रतिशत मरीज भोपाल और इंदौर में रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में कोरोना के कुल 201 एक्टिव मरीज हैं। इनमें से 78 प्रतिशत मरीज प्रदेश के दो बड़े शहर भोपाल और इंदौर में है। कोविड बुलेटिन के मुताबिक प्रदेश के कुल एक्टिव केस में 56 प्रतिशत भोपाल और 22 प्रतिशत इंदौर में हैं।

## 24 अप्रैल को रीवा आएंगे पीएम मोदी, हेलीपैड, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्था की तैयारी शुरू

**रीवा, यश भारत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक दिवसीय दौरा मध्यप्रदेश में संभावित है, वे 24 अप्रैल को रीवा में पंचायत राज दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं, जिसको लेकर प्रशासन अलर्ट हो गया है, उनके आगमन की तैयारियां शुरू हो गई है, हेलीपैड से लेकर पार्किंग तक की व्यवस्था की रूपरेखा बनाई जा रही है।जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की संभावना को देखते हुए रीवा में स्थित एसएएफ ग्राउंड में रीवा विधायक राजेंद्र शुक्ला, कमिश्नर अनिल सुचारी , एडीजीपी केपी वेंकटेश्वर राव, डीआईजी मिथलेश शुक्ला, कलेक्टर प्रतिभा पाल, नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन, सीईओ जिला पंचायत सौरभ सोनवणे एवं प्रशासनिक अमला ने पहुंचकर निरीक्षण किया, तथा कार्यक्रम के लिए तैयार होने वाले मंच के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### नंगे पैर घूम रही थी बुजुर्ग महिला

# भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने दिखाई दरियादिली



■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश के हुजूर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामेश्वर शर्मा ने कोलार इलाके के वार्ड 80, 82 में 1.25 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसके साथ उन्होंने क्षेत्र का दौरा भी किया।इस दौरान धूप में एक बुजुर्ग महिला को नंगे पैर चलते हुए देखा तो विधायक शर्मा ने तुरंत उन्हें रोका। उन्होंने पहले बुजुर्ग महिला को स्कूटर पर बैठाया, ताकि उनके पैर न जलें। इसके बाद अपने समर्थक से चप्पल मंगवाकर खुद महिला को चप्पल पहनाई। यह वीडियो इंटनेट मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद विधायक शर्मा के मानव सेवा कार्य की लोगों ने सराहना की।

### सड़क निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

विधायक शर्मा ने कोलार के दामखेड़ा बी-सेक्टर में नाली निर्माण कार्य, गणपति इंक्लव व होंडा शोरूम के पास सड़क डामरीकरण कार्य, दानिश कुंज के लक्ष्मी आयरन के सामने मुख्य मार्ग का डामरीकरण व खाटू श्याम मंदिर के सामने सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि विकास ही हमारी सरकार का सर्वोपरि लक्ष्य रहा है।

### सड़क निर्माण कार्य का हर काम होगा गुणवत्ता पूर्वक


क्षेत्र के हरसंभव विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहता हूं। नाली निर्माण कार्य से लेकर सड़क निर्माण कार्य तक हर काम गुणवत्ता पूर्वक होगा। हम जनता की सुख-सुविधा और समृद्धि के लिए हमेशा से दृढ़ संकल्पित रहे हैं और इसी संकल्प को मूर्त रूप देने का परिणाम एक करोड़ 25 लाख की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों के भूमिपूजन के रूप में हमारे सामने है। उन्होंने कहा कि लगातार सारे कामों की देखा रहा हूं। सभी चल रहे विकास कार्यों को समय पर कराया जाएगा। इससे आम लोगों को विकास कार्यों की सुविधा मिल सके।

## इंदौर में 4 साल का बच्चा सोया, फिर नहीं उठा,

# सुबह देर तक हरकत नहीं हुई तो नाना अस्पताल लेकर गए, डॉक्टरों ने मृत बताया

■ इंदौर, यशभारत।

**इंदौर में चार साल के बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों मौत हो गई। वह देवास से नाना के घर आया था और शनिवार रात मोबाइल पर गेम खेलते–खेलते खाट पर सो गया था। रविवार की सुबह 5 बजे नाना ने उसे चादर ओढ़ाई। फिर 3 घंटे बाद सुबह 8 बजे उसे उठाने के लिए आवाज दी तो वह उठा ही नहीं। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।**



पुलिस के मुताबिक मामला शिप्रा थाने का है। यहां कंदावली इलाके में रहने वाले चार साल के श्रेयांश पुत्र सुमित चौधरी को उसके नाना दिनेश चौधरी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। श्रेयांश की मौत कैसे हुई यह किसी को नहीं पता।

### मोबाइल पर गेम खेलते–खेलते सो गया था श्रेयांश

श्रेयांश के पिता पेशे से किसान हैं। नाना दिनेश के मुताबिक उनकी बेटी नीतू की शादी देवास के बरौठा ग्राम में हुई है। बेटी इंदौर से यूपीएससी की तैयारी कर रही है। ज्यादातर समय वह उनके पास गांव में ही रहती है और पढ़ाई के लिए इंदौर आना-जाना करती है। श्रेयांश शनिवार रात में मोबाइल पर गेम खेल रहा था। करीब 11 बजे वह सो गया था।

### पीएम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का खुलासा होगा

बच्चे के नाना दिनेश का दूध का कारोबार है। इसलिए वे सुबह जल्दी उठ जाते हैं। रविवार सुबह भी जब वे 5 बजे उठे तो श्रेयांश सो रहा था, तब नाना दिनेश उसे चादर ओढ़ाकर चले गए। तीन घंटे बाद सुबह करीब 8 बजे जब वे वापस घर आए तब तक श्रेयांश उठा ही नहीं था। उन्होंने आवाज लगाई तो भी उसने कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने उसे हिलाकर उठाने की कोशिश की, लेकिन शरीर में कोई हरकत नहीं हुई। वे घबरा गए। उसे तत्काल नजदीक के अस्पताल लेकर गए। यहां से डॉक्टरों ने उसे एमवाय अस्पताल ले जाने की सलाह दी। एमवाय के डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बच्चे का पोस्टमॉर्टम करा लिया है।

## नवयुवक सभा को फिर मिला बुजुर्ग अध्यक्ष

भोपाल, ईएमएस। संत हिरदाराम नगर की प्रमुख से शेक्षणिक एवं सामाजिक संस्था नवयवक सभा के चुनाव में जद्दोजहद के बाद आखिरकार 86 वर्षीय शिक्षाविद विष्णु गेहानी अध्यक्ष चुने गए। उनका मुकाबला भोपाल विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र से होना था लेकिन बुजुर्ग डॉ धर्मेंद्र ने दी अंतिम समय में पर्चा वापस ले लिया गेहानी निर्विरोध चुने गए।1954 में युवाओं द्वारा गठित सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था नव युवक सभा के पदाधिकारी अब बुजुर्ग हो चले हैं लेकिन संस्था का नाम अब भी नवयुवक सभा ही है। संस्था में युवाओं को शामिल करने की जरूरत महसूस की जा रही है लेकिन अब भी बुजुर्गों का ही दबदबा बना हुआ है चुनाव में भी यही नजर आया। चुनाव के दौरान डा. धर्मेन्द्र ने सर प्रणाम वापस लिया की दिया गेहानी को एक साल बाद पद से त्याग पत्र देना होगा। गेहानी ने महापौर परिषद के सदस्य राजेश हिंगोरानी एवं मध्य प्रदेश आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी के आग्रह पर यह शर्त मान ली। राजेश हिंगोरानी को महासचिव, महेश दयारामानी को उपाध्यक्ष, सुरेश राजपाल सचिव, धर्मप्रकाश मोटवानी कोषाध्यक्ष, केएल रामनानी आडीटर, दिनेश वाधवानी सह सचिव एवं कमल प्रेमचंदानी शिक्षा समिति के सचिव चुने गए। चुनाव अधिकारी बसंत चेलानी ने निर्वाचन प्रमाण पत्र दिए।

# विद्युत वितरण कंपनी ने जारी किए गर्मी में बिजली बिल घटाने के तरीके

**कटनी,यशभारत।** गर्मी का मौसम आते ही जैसे-जैसे पारा चढ़ता है,वैसे-वैसे आपका बिजली का बिल ना बढ़े,इसके लिए विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कुछ कारगर तरीके सुझाये हैं। ए.सी. इस्तेमाल करने वालों के लिए ए.सी. के टेम्प्रेचर को 24 से 26 डिग्री के बीच सेट करें। इससे नीचे टेम्प्रेचर करने पर ए.सी. के कंप्रेशर को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। ए.सी. ज्यादा देर तक चलता है, इसलिए बिजली भी ज्यादा खर्च होती है और आपका बिल ज्यादा आता है। ए.सी. के साथ-साथ कमरे में पंखा भी चलाएं। ए.सी. के एयर फिल्टर को हर 10-15 दिनों में अच्छी तरह धोकर साफकरें फिल्टर में धूल जमने में आपको पूरी ठंडक नहीं मिलती और आपको ए.सी. ज्यादा देर तक चलाना पड़ता है। ए.सी.वाले कमरों के खिड़की-दरवाजे ए.सी.चलनेके दौरान मजबूती से बंद रखें। यदि दरवाजे-खिड़कियों में झिरियां हों तो उन्हें थर्मोकोल आदि का इस्तेमाल कर सील कर दें।

## कूलर इस्तेमाल करने वालों के लिए

कूलर से पूरी ठंडक पाने के लिए जरूरी है कि कूलर जितनी हवा फेंक रहा है उतनी हवा कमरे से बाहर निकलने का भी पूरा इंतजाम हो। कूलर के पैड यदि खराब हो गये हैं तो उन्हें बदलवा लें। कूलर के पंखे और पंप की आइलिंग ग्रीसिंग करा लें। कूलर के पंखे के कंडेंसर की जांच जरूर करायें। कूलर के रेगुलेटर की भी जांच करायें, इलेक्ट्रॉनिक रेगुलेटर से बिजली कम खर्च होती है।

## पंखे इस्तेमाल करने वालों के लिए

घर के सब पंखों की सर्विसिंग करा लें। खराब कंडेंसर,बाल बेयरिंग इत्यादि को तुरंत बदलवा लें। पंखे में इलेक्ट्रॉनिक रेगुलेटर का इस्तेमाल करें। रेफ्रिजरेटर इस्तेमाल करने वालों के लिए-रेफ्रिजरेटर में कोई खराबी न भी दिखायी दे रही हो तो गर्मी का मौसम ठीक से शुरू होने के पहले रेफ्रिजरेटर की जांच करा लें। रेफ्रिजरेटर का दरवाजा बार-बार ना खोलें। रेफ्रिजरेटर का दरवाजा ज्यादा देर तक न खुला रखें। दरवाजा बार-बार खुलने या ज्यादा देर खुला रहने से कंप्रेशर को फ्रिज का टेम्प्रेचर बनाये रखने में ज्यादा मेहनत लगती है। कंप्रेशर ज्यादा चलने से आपका बिजली बिल बढ़ता है। एकदम गर्मागर्म खाना या दूध फ्रिज में न रखें। ऐसा करने से भी कंप्रेशर को ज्यादा देर चालू रहना पड़ता है और आपका बिजली बिल बढ़ता है।

## सबके लिए कुछ जरूरी टिप्स

अपने घर में बिजली की वही वायर और फिटिंग्स इस्तेमाल करें जिनपर आई.एस.आई. का मार्क हो। वायरिंग पुरानी,खराब होने से भी बिजली ज्यादा खर्च होती है और घर में आग लगने का खतरा हो सकता है। बिजली की मरम्मत का काम लाइसेंसधारी ठेकेदार,इलेक्ट्रिशियन से ही करायें। सर्टिफिकेट, लाइसेंस देखने की मांग करें। घर में हर जगह ऊर्जा दक्ष एलईडी लाईट का ही इस्तेमाल करें।



# स्थापना दिवस पर घर-घर ध्वज फहराया एवं वरिष्ठों का किया सम्मान

**कटनी,यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी के 44 वे स्थापना दिवस पर शीर्ष नेतृत्व मा. विष्णु दत्त शर्मा प्रदेश अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टडन की मंशानुसार मुड़वारा मंडल अध्यक्ष अभिषेक ताम्रकार के नेतृत्व में कुशीनगर के हृदय स्थल घंटाघर श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक में ध्वजारोहण एवं वरिष्ठ ओं का सम्मान कर भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस का कार्यक्रम मिष्ठान वितरण के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन कटनी मुड़वारा विधायक संदीप जयसवाल, शशांक श्रीवास्तव, पूर्व महापौर कटनी प्राधिकरण अध्यक्ष पीतांबर टोपनानी, सुरेश सोनी, आशीष गुप्ता, संजय चौदहा बेबू, मंडल प्रभारी अंकिता तिवारी, नंदकुमार बसरानी, सुरेश रोचलानी, मंडल महामंत्री अभिषेक गुप्ता, मयंक गुप्ता, आशीष कंदेले, मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती सर्जना कंदेले उपाध्यक्ष बंटी जैन, सर्वेश तिवारी शिब्बू साहू, राकेश साहू मंत्री शैलेंद्र चनपुरिया, ऋचा गेलानीख सुरेश साहू, नितिन बिलैया, सचिन बहरे, राहुल मिश्रा, राघवेन्द्र गोयनका, करण रैदास, भावेश रजक, मनीष त्रिसोलिया, मनोज कस्तवार, वरिष्ठ पवन शर्मा, अमित मसुरहा, नीलेश सेन, अरविंद जैन, अरशिव सेन, संजू गर्ग, मनीष जसूजा, विनोद बरसैया, सत्यम एवं शक्ति केंद्र पदाधिकारियों बूथ पदाधिकारियों, सदस्यों एवं देवतुल्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भाजपा धवजारोहण कर भारत माता, अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के शैल चित्र पर तिलक वंदन और माल्यार्पण करए भारत माता की जयकारों के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अंत में सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं को मिठाई वितरित कर बधाई दी।

# बड़वारा विधानसभा के मंडलम एवं सेक्टर कांग्रेस अध्यक्ष घोषित

**कटनी,यशभारत।** कटनी जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने बताया कि कटनी जिले की बड़वारा विधानसभा कि 22 मंडलम कांग्रेस कमेटी एवं 46 सेक्टर कांग्रेस कमेटियों का गठन किया गया है। जिला प्रभारी रमेश चौधरी एवं सह प्रभारी महेश गुलवानी की सहमति से मध्य प्रदेश मंडल सेक्टर कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अशोक सिंह द्वारा मंडलम एवं सेक्टर कांग्रेस के अध्यक्षों की की घोषणा की गई है। विधानसभा बड़वारा के 22 मंडलम अध्यक्ष घोषित किए गए हैं जिसमें सलैया पिपरिया राजीव पाठक, परसेल विजय कुमार दुबे, उमरिया पान मनोज चौरसिया, ढीमरखेड़ा ओंकार शर्मा, जिन्ना पिपरिया प्रकाश पटेल, सिलौडी नीरज राय, कछार गांव विकास जैन, कटारिया राकेश मरावी, खमतरा सुशील गौतम, दशरमन मेश प्रसाद गर्ग, मुरारी राजकुमार पटेल, धरवारा अमित गर्ग, पौनिया अरविंद पटेल, बड़वारा नारायण दत्त तिवारी, रूपोद दुर्गा प्रसाद राय, भुडसा मनोज कुमार श्रीवास्तव, परसेल अरविंद साहू, रोहनिया कृष्ण कुमार सोनी, गणेशपुर ओंकार प्रसाद गौतम, मझगमा बेनी पटेल, बसाडी संतोष विश्वकर्मा, चांदन सुशील प्रसाद दुबे, कांग्रेस जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने बताया कि इसी प्रकार बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के 46 सेक्टर अध्यक्ष की घोषणा की गई है सहलावन पिपरिया किशन लाल पटेल, बार बलराम रजत, बिछिया विराट पांडे, परसेल अशोक तंतुवाय, उमरिया पान सुखदेव चौरसिया, पचपेड़ी ओम प्रकाश चौरसिया, ढीमरखेड़ा कमलेश रजक, बिहरिया आदित्य दुबे, पोड़ीकला अभिजीत त्रिपाठी, झिन्ना पिपरिया मणि शंकर पटेल, सगोना संतराम पटेल, पाली अश्वनी राय, सिलोनी राहुल राय, बराहटा अखिलेश राजभर, खमरिया बैरागी वीरेंद्र बैरागी, कटरिया गुलाम खान, सिघनपुरी गयाराम, खमतरा रवि सेन, खमरिया संतोष गुप्ता, दशरमन चंद शेखर सोनी, गुडा निरंजन खटीक, मुरवारी किशन कुमार मिश्रा, सनकुई उमेश कुमार हलदकार, धरवारा सत्येंद्र सिंह, सरसवाही प्रहलाद यादव, पोनिया भगवत प्रसाद सेन, सैलारपुर प्रताप सिंह, कनौजा धूम सिंह, बड़वारा संदीप बर्मन, पटना सुरेश विश्वकर्मा, सलैया अहिवरण सिंह, रूपोद नन्हे लाल यादव, झरेला मोहम्मद कलाम, भुडसा सोहन लाल गाडरी, परसेल पुष्पराज मरावी, भजिया सूरज लाल, रोहनिया किरण यादव, विलायत कला संदीप बर्मन, सकरीगढ़ अजय त्रिपाठी, कुम्हारवारा राजू पटेल, देवरी राम पटेल, मझगवा राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, अमाडी खेमराज पटेल, बसाडी राकेश केवट, चांदन राजेश सिंह, भगनवारा श्याम बिहारी राय नवनियुक्त अध्यक्षों को जिला कांग्रेस अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कटरा बाजार में हुआ भव्य देवी जागरण

## जीवंत झांकियों ने मन मोहा, जमकर थिरके युवा, बुजुर्ग

**उमरियापान,यशभारत।** उमरियापान के कटरा बाजार में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में हिंदू युवा जनजागरण समिति द्वारा भव्य देवी जागरण कराया गया। हनुमान मंदिर में समिति द्वारा 24 घंटे की अखंड रामायण का पाठ कराया गया था, दूसरे दिन सुबह 9 बजे समापन हुआ। हवन पूजन के पश्चात कन्या भोजन एवं भंडारा प्रारंभ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। शाम 6 बजे से नगर भ्रमण के लिए हनुमान मंदिर से जुलूस प्रारंभ हुआ जो पुनः हनुमान मंदिर पहुंचकर समापन हुआ। इस दौरान बच्चे, युवा, बुजुर्ग डीजे में बज रहे धार्मिक गीतों पर जमकर थिरके।





## रात्रि 9 बजे से शुरू हुआ देवी जागरण

संस्कारधानी जबलपुर से पहुंची देवी जागरण की टीम ने गणेश वंदना से देवी जागरण का आगाज किया। इसके बाद सभी गायक गायिकाओं द्वारा धार्मिक गीतों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देते ही युवा, बच्चे, बुजुर्ग तक अपने आपको थिरकने से नहीं रोक पाए और जमकर झूमे। कार्यक्रम के दौरान दुर्गा माँ, काली माता, शंकर भगवान, राधा कृष्ण सहित कई जीवंत झांकियों की प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान ऐसा लगा मानो उमरियापान की धारा में साक्षात भगवान प्रागट हो गए हों। रात्रि 1 बजे देवी जागरण के कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर राजेश राजा चौरसिया, बसोरी चौरसिया, शुभाष पांडे चौरसिया, सिद्धार्थ दीक्षित, विजय दुबे, शैलेन्द्र पौराणिक, गोविंद सिंह, प्रशांत राय, पंकज राज, गोल्डी चौरसिया, शुभम चौरसिया, आदर्श, त्रिलोक, पीटर चौरसिया, पंकज बर्मन, रोहित असाटी, दीपांशु गुप्ता, अंकित, मिकी, हनी, अभिषेक, लकी चौरसिया, राजकुमार, अस्सु, ऋषि, दिप्पू चौरसिया, प्रशांत श्रीवास, सृजन गुप्ता सहित महिला पुरुष श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही है। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी अनिल काकड़े, एसआई भरत मार्को, सुनील सिंह, योगेंद्र राजपूत, अजय सिंह, रोहित झारिया सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे हैं।



# पेयजल समस्या से मिलेगी निजात

## बसाड़ी के ग्रामीणों की समस्या का लिया संज्ञान, किया निराकरण

**कटनी,यशभारत।** ग्रीष्म काल में पेयजल संकट की समस्या का निराकरण करते हुए जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत बसाडी में नल जल योजना में सुधारए संचालनए मरम्मत एवं संधारण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला सीईओ ने निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत को तकनीकी मानकों को ध्यान में रखते हुए तय समय सीमा में नल जल योजना कार्य को पूर्ण कराते हुए राशि व्यय किए जाने के निर्देश दिए हैं। विदित हो कि जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत को ग्राम बसाड़ी के औचक निरीक्षण के दौरान ग्रामवासियों द्वारा नल जल योजना के अंतर्गत निर्मित पेयजल की पुरानी टंकी में सुधार एवं मरम्मत की मांग की गई थी। ग्रामीणों की समस्या को संज्ञान में लेकर सीईओ ने ग्रीष्म काल में पेयजल समस्या से निजात पाने हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर राशि उपलब्ध कराई है ताकि ग्राम पंचायत नल जल योजना का बेहतर रखरखाव एवं संचालन कर ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध करा सके। ग्रामीणों ने इसके लिए जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत का आभार जताया है।

# लाडली बहना योजना के आवेदन जमा करने सारे काम छोड़ शामिल हो रही बहनें



## महापौर के निर्देशन एवं आयुक्त के मार्गदर्शन में सक्रिय हुआ निगम अमला

कटनी महिलाओं को समाज में एक नई पहचान देने के लिए एवं आर्थिक रूप से मजबूत करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रारंभ की गई मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 के आवेदन फार्म जमा करने नगर की महिलाओं द्वारा बड़ी संख्या में अपनी भागीदारी निभाते हुए योजना का लाभ पाने शिविर स्थल मैं पहुंच रही है। इसके लिए नगर पालिक निगम द्वारा शहर के प्रत्येक वार्ड में आयोजित किए जा रहे है।आवेदन फार्म भरने की प्रक्रिया को नगर निगम द्वारा सरल बनाया गया है। योजना का लाभ अधिक से अधिक हर पात्र लाडली लक्ष्मी बहना को दिलाने महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देशन एवं आयुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में निगम कर्मचारियों द्वारा सक्रियता से कार्य किया जा रहा है। महिला हितग्राहियों द्वारा बड़ी संख्या में पहुंचकर लाडली बहना योजना के आवेदन जमा किए जा रहे हैं। शहर में आयोजित शिविरों में बड़ी संख्या में महिला हितग्राहियों के फार्म भरे जा रहे हैं। नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत योजना का कुशल क्रियान्वयन करने के लिए आयुक्त ने उपायुक्त पी के अहिरवार को नोडल अधिकारी बनाकर समस्याओं का निदान किया जा रहा है।



# 32 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपकर अब बनाई जा रही भावी

**कटनी,यशभारत।** आगामी रणनीति हेतु केंद्रीय प्रबंध महासमिति की बैठक 23 अप्रैल को भोपाल में आयोजित की रही है।इस आशय की जानकारी देते हुये कर्मचारी जगत के प्रांतीय प्रवक्ता मार्तण्ड सिंह राजपूत ने बताया कि तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष ओपी कटियार ने प्रदेश के कर्मचारियों की लंबित 32 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन गत दिवस राजधानी में मुख्यमंत्री, मुख्यसचिव एवं कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेशचंद शर्मा को सौंपते हुए उनसे मांग करके उन्हें अवगत कराये कि संघ द्वारा समय-समय पर अधिकारियों-कर्मचारियों की न्यायोचित समस्याओं के संबंध में मध्यप्रदेश शासन को ज्ञापन और चर्चा के माध्यम से मांगों की पूर्ति हेतु ध्यानाकर्षण करवाया गया था तत संबंध में कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों के निराकरण के लिए मध्यप्रदेश शासन द्वारा दो मंत्री समूहों का गठन भी किया गया था।जिसमें एक मंत्री समूह का गठन पदोन्नति के संबंध में निर्णय लेने हेतु एवं दूसरे समूह का गठन कर्मचारियों की अन्य ज्वलंत मांगों के निराकरण के लिए किया गया था। किंतु दोनों मंत्री समूहों द्वारा आज पर्यन्त तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। जबकि देश के किसी भी राज्य में इतने लंबे समय तक पदोन्नति पर रोक नहीं लगाई गई है, जैसा कि मध्यप्रदेश में इन दिनों हो रहा है। इस एकलौते प्रदेश में विगत 6 वर्षो से पदोन्नति पर रोक लगी हुई है, जिसके चलते बहुत से अधिकारी एवं कर्मचारी बगैर पदोन्नति पाये ही सेवानिवृत्त हो गए हैं और अधिकांश आये दिन रिटायर हो रहे हैं। जिससे प्रदेश के अधिकारीयों. कर्मचारियों में प्रतिदिन निराशा के बादल छाते जा रहे हैं। जिसके कारण शासकीय कार्यो पर विपरीत असर पड़ना शिष्टाचार सा बन रहा है। साथ ही सरकार के प्रति कर्मचारियों का आक्रोश भी कम होने का नाम नहीं ले रहा है। कर्मचारी जगत की चंद्र मांगों को छोड़कर शेष मांगे आज भी यथावत बनी हुई हैं अतःशासन से कर्मचारी जगत की लंबित मांगों का शीघ्र निराकरण करने का अनुरोध कर्मचारी जगत के प्रांतीय प्रवक्ता द्वारा किया गया है।मांगों को लगातार नजरअंदाज से परेशान कर्मचारियों द्वारा लंबित मांगों के निराकरण हेतु एक ठोस रणनीति बनाने के लिये ही मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के आह्वान पर 23 अप्रैल2023 को भोपाल में केंद्रीय प्रबंध समिति की बैठक आहूत की जा रही है। जिसमें सभी प्रांतीय पदाधिकारीयों संभाग जिला तहसील व ब्लाक अध्यक्षों को बैठक में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रण भेजा गया है।




# खाद एवं ईंधन उपयोग के लिए बायोगैस संयंत्र निर्माण का प्रशिक्षण



**कटनी,यशभारत।** विद्यार्थियों को प्रकाश खाद एवं ईंधन उपयोग के लिए बायोगैस संयंत्र निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया बायोगैस संयंत्र से ईंधन और अच्छी खाद प्राप्त होने के साथ लकड़ी एवं गोबर के कंडे बनाने से मुक्ति मिलती है धुंए से छुटकारा नेत्र एवं फेफड़े आदि रोगों से बचाव तथा खाना पकाने से समय की बचत होती है दीनबंधु संयंत्र में 2 घन मीटर में 50 किलो गोबर एवं 50 लीटर पानी घोलकर बायोगैस संयंत्र में प्रतिदिन डालने से प्रतिदिन 8 लोगों का भोजन तैयार होगा कृषकों को शासन द्वारा नियमानुसार अनुदान दिया जाता है बायोगैस की खाद सिंचित भूमि में 10 टन असिंचित भूमि में 5 टन प्रति हेक्टर फसलों में डालने से 15 से 20 प्रतिशत तक उत्पादन में वृद्धि होगी बायोगैस खाद में पौधों के लिए आवश्यक सभी पोषक तत्व मौजूद होते हैं इसकी गैस से ईंधन एवं प्रकाश व्यवस्था के अतिरिक्त सिंचाई हेतु डीजल इंजन चलाने से 75 प्रतिशत डीजल की बचत की जा सकती है विद्यार्थियों को फूलों एवं फल वाले पौधों की संख्या बढ़ाने के लिए पौध प्रसारण की लैंगिक एवं अलैंगिक विधियों की जानकारी का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत प्राचार्या डॉ सुषमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर, के सिंह एवं सुमन पुरवार के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



# महिला दिवस पर महिलाओं को बांटे निःशुल्क चश्मे

**कटनी,यशभारत।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं को पढ़ने वाले चश्मे नि: शुल्क बांटे गए कार्यक्रम में महिला मंडल के अध्यक्ष कल्पना दुबे गीता पाठक मंजुला गौतम उषा पांडे, शशि बाजपेई, शांति तिवारी महिमा दीक्षित अन्य लोग उपस्थित थे। जिला ब्राह्मण समाज कटनी सतगुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड के सहयोग से आज दिनांक 9 तारीख को ब्राह्मण भवन में एडवोकेट पंडितसंतोष गर्ग के द्वारा स्वर्गीय एसके गर्ग की स्मृति में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया शिविर का शुभारंभ पंडित संतोष गर्ग, जिलाध्यक्ष राजू शर्मा, प्रेम प्रकाश दीक्षित, विक्रांत शर्मा, संजय शर्मा, लल्लू बाजपेई बिल्लू शर्मा संजय शर्मा डब्बू गौतम एवं चित्रकूट से आए सभी स्टाफके लोग की उपस्थिति में पंडित केके गौतम जीने पूजन कराया नेत्र शिविर शिविर का समापन ब्राह्मण समाज के संस्थापक सदस्य पंडित अमरनाथ द्वारा किया गया।



# जीत के लिए तरसीं ये 3 टीमें... दिल्ली की हालत सबसे खराब

नई दिल्ली, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग 2023 सीजन का आगाज 31 मार्च को ही हो गया था. तब से अब तक (8 अप्रैल) 12 मैच हो चुके हैं, जिसमें डिफेंडिंग चैम्पियन गुजरात टाइटन्स (GT) ने अपना दम दिखाया है. गुजरात टीम ने अब तक अपने सभी दोनों मैच जीते हैं. जबकि बाकी टीमें कुछ मैच गंवा भी चुकी हैं.इनमें तीन ऐसी भी टीमें हैं, जो अब तक जीत का खाता भी नहीं खोल सकी हैं. इन तीन टीमों में पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस (MI) भी है. मुंबई ने अब तक दो मैच खेले और दोनों में उसे हार मिली है.



### इस सीजन दिल्ली टीम की हालत ज्यादा खराब

इसके अलावा सनराइजर्स हैदराबाद टीम भी अपने अब तक के शुरुआती दोनों मैच हार चुकी है. सबसे ज्यादा तो दिल्ली कैपिटल्स ने चौंकाया है. दिल्ली टीम ने अब तक 3 मैच खेले और तीनों में उसे हार ही मिली है. बता दें कि दिल्ली टीम की कप्तानी पिछले सीजन में स्टार विकेटकीपर ऋषभ पंत ने संभाली थी. मगर इस बार कार एक्सीडेंट के कारण वह टूर्नामेंट से बाहर हैं. ऐसे में पंत की जगह ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर टीम की कमान संभाल रहे हैं. उनकी कप्तानी में अब तक दिल्ली टीम बेअसर ही नजर आई है.

### नंबर-1 पर राजस्थान और फिर लखनऊ दूसरे पर

अब तक हुए 12 मैचों के बाद राजस्थान रॉयल्स (RR) पॉइंट्स टेबल में टॉप पर काबिज है. इस टीम ने अब तक 3 मैच खेले, जिसमें से 2 में जीत दर्ज की है. एक मैच में उसे हार मिली थी. संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान टीम इस बार खिताब की मजबूत दावेदारों में से एक टीम है. राजस्थान को अपना अगला मैच चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 12 अप्रैल को खेलना है. केएल राहुल के बल्ले ने भले ही अब तक आईपीएल में धमाल नहीं मचाया हो, लेकिन उन्होंने अपनी कप्तानी में लखनऊ सुपर जायंट्स को दूसरे नंबर तक पहुंचा दिया है. यानी अभी लखनऊ टीम 3 में से 2 मुकाबले जीतकर दूसरे नंबर पर काबिज है. लखनऊ टीम को अपना अगला मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 10 अप्रैल को खेलना है।

# आईपीएल में गुजरात बोर्ड की कमाई सबसे ज्यादा

**शुरुआती 70 मैचों के लिए राज्य संघों को मिलेंगे 45 करोड़ 36 लाख रुपए.**

नई दिल्ली , एजेंसी। आईपीएल के जरिए स्टेट एसोसिएशन बड़ी कमाई करते हैं। उन्हें बीसीसीआई की ओर से कमाई का हिस्सा मिलता है। बीसीसीआई हर एक मैच के लिए स्टेट बोर्ड को 64 लाख 80 हजार रुपए देता है। बीसीसीआई की ओर से 70 मैचों (प्लेऑफ छोड़कर) के लिए स्टेट बोर्ड को कुल 45 करोड़ 36 लाख रुपए दिए जाएंगे। इस 16वें सीजन से गुजरात स्टेट एसोसिएशन सबसे ज्यादा मालामाल होने वाला है। अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम 8 मैच की मेजबानी करेगा, जिससे उसे सबसे ज्यादा 5.18 करोड़ रुपए मिलेंगे। मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरू, लखनऊ जैसे सात स्टेडियम 7-7 मैच की मेजबानी करेंगे। इन सभी के एसोसिएशन को 4.53-4.53 करोड़ रुपए मिलेंगे। गुवाहाटी और धर्मशाला स्टेडियम को सबसे कम राशि मिलेगी। इन दोनों को 1.29-1.29 करोड़ रुपए मिलेंगे।

### इकाना स्टेडियम ने आईपीएल में डेब्यू किया

उप्र एसोसिएशन का लखनऊ में इकाना स्टेडियम है। यह पहली बार आईपीएल के मैचों की मेजबानी कर रहा है। इस स्टेडियम में 7 मैच खेले जाएंगे, जिससे इस स्टेडियम को 4 करोड़ 53 लाख 60 हजार रुपए मिलेंगे। बीसीसीआई ने असम एसोसिएशन के गुवाहाटी और हिमाचल एसोसिएशन के धर्मशाला को पहली बार आईपीएल मैच की मेजबानी का मौका दिया। गुवाहाटी




का बरसपारा स्टेडियम इस सीजन में राजस्थान रॉयल्स का दूसरा होम ग्राउंड है जबकि धर्मशाला पंजाब किंग्स का दूसरा होम ग्राउंड है। इन दोनों पर दो-दो मैच होंगे। इन दोनों स्टेडियम को 1 करोड़ 29 लाख 60 हजार रुपए मिलने वाले हैं।

### मोहाली-जयपुर में 2019 के बाद पहली बार मैच

BCCI ने पंजाब एसोसिएशन के मोहाली और राजस्थान एसोसिएशन के सवाई मानसिंह स्टेडियम (जयपुर) को 2019 के बाद पहली बार मौका दिया है। सीजन के 5-5 मैच इन दोनों स्टेडियम में होने हैं। भारत-ऑस्ट्रेलिया के तीसरे टेस्ट से चर्चा में आए इंदौर में 2018 से आईपीएल मैच नहीं हुए हैं। पुणे में भी 2018 के बाद से आईपीएल मैच नहीं खेले गए हैं।

# टिम साउदी को पीछे छोड़ शाकिब ने रचा इतिहास

नई दिल्ली, एजेंसी। आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी20I मैच में 5 विकेट चटकाने वाले शाकिब अल हसन टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी को पीछे छोड़ दिया है। शाकिब के नाम अब टी20I में 136 विकेट हो गए हैं। दूसरे नंबर मौजूद टिम साउदी के नाम 134 विकेट दर्ज हैं। शाकिब ने छठे ओवर की तीसरी गेंद पर जॉर्ज डॉकरेल को एलबीडब्ल्यू आउट करने के बाद इस मुकाम को हासिल किया। उन्होंने T20I क्रिकेट में 6.8 की इकॉनमी रेट के साथ 20.67 की औसत से 136 विकेट लिए हैं। इसके अलावा, उनके नाम 122.33 के स्ट्राइक रेट से 2339 रन भी हैं। शाकिब ने यह उपलब्ध 29 मार्च को हासिल की।



### सात टी20I विश्वकप खेल चुके हैं शाकिब

बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने 2006 में जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना टी20I डेब्यू किया था। अभी तक 114 टी20I मैच खेले हैं। उन्होंने ICC मेन्स T20 वर्ल्ड कप के सभी 7 आयोजनों में हिस्सा लिया है। ऐसा करने वाले वह मात्र चौथे खिलाड़ी हैं।

### सीरीज में ली 2-0 की अजेय बढ़त

बता दें कि बांग्लादेश ने आयरलैंड के खिलाफ तीन टी20 मैचों की सीरीज को 2-0 की बढ़त बना ली है। बांग्लादेश ने चटगांव में 29 मार्च को खेले गए मुकाबले में मेहमान टीम को 77 रन से हरा दिया था। बांग्लादेश आयरलैंड पर लगातार दूसरी टी20 सीरीज जीत है। इससे पहले 2012 में तीन मैचों में बांग्लादेशी टीम को 3-0 से सफलता हासिल हुई थी।

# कोरिया के ह्युंग-मिन सोन ने बनाया फुटबॉल में रिकॉर्ड इंग्लिश प्रीमियर लीग में 100 गोल करने वाले पहले एशियाई खिलाडी बने

नई दिल्ली, एजेंसी। इंग्लैंड के टॉप टियर लीग यानी EPL (इंग्लिश प्रीमियर लीग) में टॉटेनहम टीम के साउथ कोरियाई खिलाड़ी ह्युंग-मिन सोन ने नया रिकॉर्ड बनाया है। शनिवार देर रात हुए मैच के बाद सोन प्रीमियर लीग में 100 गोल करने वाले पहले एशियाई खिलाड़ी बन गए है। शनिवार देर रात इंग्लिश प्रीमियर लीग में सोन की टॉटेनहम का मुकाबला ब्राइटन से हुआ। टॉटेनहम ने 2-1 से जीत दर्ज की। इसी मैच में 10वें मिनट में सोन ने गोल दागा। सोन ने लीग का 100वां गोल अपने दिवंगत दादा को समर्पित किया। दूसरा गोल हैरी केन ने 79वें मिनट में स्कोर किया।

### प्रीमियर लीग में 100 गोल करने वाले 34वें खिलाड़ी बने सोन

अपना 260वां प्रीमियर लीग मैच खेल रहे सोन के नाम अब 100 गोल हो गए हैं, जो मैथ्यू ले टिसियर के गोल के बराबर है। कुल मिलाकर, वह प्रीमियर लीग में 100 या अधिक गोल करने वाले 34वें



खिलाड़ी हैं। सोन ने इस सीजन में अपना सातवां प्रीमियर लीग गोल किया है। कुल मिलाकर, उन्होंने टॉटेनहम के लिए 364 खेलों में 142 गोल किए हैं। मौजूदा सीजन में उन्होंने 39 मैचों में 11 गोल किए हैं। इसके साथ ही सोन टॉटेनहम के इतिहास में प्रीमियर लीग में टीम के लिए सबदे ज्यादा गोल करने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए है। उनके नाम 206 गोल है। मैच के बाद सोन ने कहा कि प्रीमियर लीग में 100 गोल करना बहुत बड़ी बात है। मैं वास्तव में भावुक था क्योंकि पिछले कुछ हफ्तों में मेरे लिए मुश्किल दिन आए है। हाल ही में मेरे दादाजी गुजर गए और मेरे लिए उनका जाना आसान नहीं था। मैं आज का अपना गोल उन्हें समर्पित करता हूं।

### एशियाई खिलाडी प्रीमियर लीग में कुछ बड़ा कर सकते है

सोन ने आगे कहा - यह एशिया के लिए अच्छी बात है और मैं युवाओं की मदद करने के लिए एक अच्छा उदाहरण बनने की बड़ी जिम्मेदारी लेता हूं। मैं चाहता हूं कि वे विश्वास करें कि एक एशियाई खिलाड़ी प्रीमियर लीग में आश्चर्यजनक चीजें कैसे कर सकता है।

## रंग संसार

# मिनी माथुर ने बताया इंडियन आइडल के पीछे का काला सच, रिएलिटी के नाम पर मिलता है धोखा

नई दिल्ली। आजकल रिएलिटी शोज की धूम है, कभी डांस का रिएलिटी शो चर्चा में रहता है तो कभी सिंगिंग रिएलिटी शो। हाल ही में फेमस सिंगिंग रिएलिटी शो इंडियन आइडल के 13वें सीजन को अपना विनर मिला है। इंडियन आइडल में दर्शकों को कंटेस्टेंट्स की सिंगिंग तो पसंद आती है लेकिन इसके साथ कभी-कभी हाई वोल्टेज इमोशनल ड्रामा भी दिखाया जाता है जो दर्शकों के गले नहीं उतरता है। कई बार इसी करण इंडियन आइडल शो को ट्रोलिंग का सामना भी करना पड़ा है। वहीं अब इस शो के शुरुआती सीजन में जुड़ी रहीं होस्ट मिनी माथुर ने इसके बारे में कुछ ऐसा खुलासा किया है जिसे जानकर आप भी शॉक्ड हो जाएंगे।

### इंडियन आइडल का काला सच

इंडियन आइडल के सीजन 6 को होस्ट कर चुकीं मिनी माथुर ने एक पॉडकास्ट में इस रिएलिटी शो से जुड़े कई ऐसे खुलासे किए हैं जिन्हें जानने के बाद आप हैरान



रह जाएंगे। मिनी माथुर ने कहा कि इस शो में रिएलिटी जैसा कुछ भी नहीं होता। मिनी माथुर ने खुलासा किया कि शो में रियल जैसा कुछ भी नहीं होता है बल्कि सबको पहले से सब कुछ पता होता है। मिनी माथुर को इंडियन आइडल होस्ट करने के लिए अच्छा पैसा मिलता था लेकिन जब उन्हें लगने लगा कि इसमें रिएलिटी जैसा कुछ नहीं बचा है तो उन्होंने खुद को इस शो से दूर कर लिया।

### इंडियन आइडल बना पैसा बनाने का जरिया

इंडियन आइडल के 6 सीजन को होस्ट कर चुकीं मिनी माथुर ने इंटरव्यू में बताया कि उन्हें इस शो के कई सीजन होस्ट करने के बाद पता चल चुका था कि अब इसमें रिएलिटी जैसा कुछ नहीं बचा है बल्कि शो सिर्फ पैसा कमाने का जरिया बन गया है। इस इंटरव्यू में मिनी माथुर ने कहा कि सभी कंटेस्टेंट्स पहले से इस बात को जानते हैं कि उनके परिवार से कौन-कौन आ रहा है। लेकिन फिर भी शो में दिखाया जाता है कि जैसे उन्हें सरप्राइज मिल रहा हो। बता दें कि मिनी माथुर पहली शख्स नहीं है जिन्होंने इंडियन आइडल का काला सच उजागर किया है। इससे पहले भी कई सितारे जो इस शो से जुड़े थे उन्होंने भी बड़े खुलासे किए थे।





# पवन सिंह और अनंजय रघुराज की फिल्म जियो मेरी जान की शूटिंग शुरू

मुंबई,एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह की फिल्म जियो मेरी जान की शूटिंग शुरू हो गयी है। जियो मेरी जान के निर्देशक अनंजय रघुराज हैं।इस फिल्म के निर्माता आयुष गुप्ता हैं। फिल्म को लेकर पवन सिंह ने कहा कि फिल्म जियो मेरी जान मेरी प्राथमिकता होगी। इस फिल्म की कहानी मुझे बेहद पसंद आई। एक कलाकार के नाते मेरे लिए यह फिल्म शानदार होगी। फिल्म की टीम बेहतरीन है, जिसके साथ मिलकर हम एक अछी और पारिवारिक फिल्म लेकर आने वाले हैं। मुझे पब्लिक ने अपने प्यार और आशीर्वाद से यहां तक पहुंचाया है। उनके मनोरंजन के लिए ऐसे प्रोजेक्ट्स बेहद महत्वपूर्ण हैं। यह फिल्म इतनी खास होगी कि दर्शक से परिवार के साथ बेहद सहजता के साथ एंजॉय कर पाएंगे। फिल्म में गाने से लेकर एक्शन तक लाजवाब होने वाले हैं। अनंजय रघुराज एक मंझे हुए निर्देशक हैं और आयुष गुप्ता एक विजनरी निर्माता हैं। उन्होंने कहा कि उम्मीद करूंगा कि जब हमारी फिल्म जियो मेरी जान बड़े पर्दे पर आए, तो आप सभी पूरे परिवार के साथ इस फिल्म को देखें। वहीं, अनंजय रघुराज ने बताया कि फिल्म जियो मेरी जान का निर्माण जे पी स्टार पिक्चर्स के बैनर से हो रहा है। उम्मीद है कि हमारी फिल्म सबों को पसंद आएगी। इस फिल्म में पावर स्टार पवन सिंह का जादू चलने वाला है। फिल्म में वे एक अतिमहत्वपूर्ण किरदार में नजर आने वाले हैं। हम लोग फिल्म को भव्य स्तर पर बना रहे हैं। यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा के ग्राफ को आगे बढ़ाने वाली होगी। उन्होंने बताया कि फिल्म जियो मेरी जान की कहानी राकेश त्रिपाठी ने लिखी है। म्यूजिक रजनीश मिश्रा का होगा। इसके अलावा फिल्म में संगीत प्रियांशु सिंह और छोटू रावत का होगा। फिल्म जियो मेरी जान में पावन सिंह के साथ लीड रोल में रूपाली जाधव नज़र आने वाली हैं। फिल्म में सपना चौहान, विनीत विशाल, बृजेश त्रिपाठी, धामा वर्मा, जफर खान और साहिल शेख भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

# रणबीर कपूर ने फैशन सेंस पर किया कमेंट तो भड़कीं उर्फी जावेद बोलीं- उनकी औकात क्या है

नई दिल्ली, एजेंसी। हाल ही में एक शो के दौरान करीना कपूर ने रणबीर कपूर से उर्फी जावेद के फैशन सेंस के बारे में सवाल किया था। जिसपर एक्टर ने कहा था कि उन्हें यह कुछ खास नहीं लगता।



अब इसपर खुद उर्फी ने अपना रिएक्शन दिया है। अपने अतरंगी फैशन सेंस को लेकर अक्सर विवादों में रहने वाली एक्ट्रेस उर्फी जावेद के सितारे इन दिनों बुलंदियो पर हैं। एक समय था जब वे अपने खुद के डिजाइन किए अजीबोगरीब कपड़े पहनती थीं। लेकिन आज उनका यही फैशन इतना पॉपुलर हो गया कि उन्हें अबू जानी और संदीप खोसला जैसे बड़े फैशन डिजाइनर ने मौका दिया। उर्फी के इतने कॉन्फिडेंस के साथ बोल्ड होने पर कुछ लोग उनकी तारीफ करते हैं, तो कुछ ने उनके फैशन सेंस पर आपत्ति जताई है। इस लिस्ट में अब रणबीर कपूर का नाम भी जुड़ गया है। उन्होंने एक्ट्रेस के फैशन सेंस पर कमेंट किया। बता दें कि बीते दिनों पहले करीना कपूर खान के एक शो के दौरान रणबीर कपूर ने उर्फी जावेद के फैशन सेंस पर बात की थी। जहां करीना कपूर ने उर्फी के आउटफिट्स को लेकर उनकी तारीफों के पुल बांधे थे और कहा था कि जिस आत्मविश्वास के साथ उर्फी अपने आउटफिट्स पहनकर पब्लिक में आती हैं, वह काबिले तारीफ है। वहीं रणबीर ने उर्फी जावेद के कपड़ों की वाइस को खराब बताया था। जब यह वीडियो वायरल हुई तो उर्फी जावेद से इस बारे में पूछा गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, उर्फी जावेद ने कहा कि कंट्रोवर्सी होना लाजिमी है। उन्हें रणबीर के कमेंट से फर्क नहीं पड़ता। करीना ने उनकी तारीफ की और यही उनके लिए काफी है। उर्फी ने कहा कि पहले उन्हें लगा कि बेबो मजाक कर रही हैं, लेकिन जब वीडियो देखा तो तारीफ सुन लगा जैसे कुछ हासिल किया है। वहीं रणबीर कपूर के कमेंट पर उर्फी ने कहा कि वह भाड़ में जाएं। करीना ने उनकी तारीफ की है, अब तो क्या कहें। उर्फी ने कहा, रणबीर की औकात ही क्या है। गौरतलब है कि जब करीना कपूर खान ने उर्फी जावेद के फैशन सेंस पर कहा था कि उर्फी जैसा कॉन्फिडेंस उनमें नहीं है।

# ऋतिक रोशन की फिल्म वॉर 2 में हुई आलिया भट्ट की एंट्री!



**नई दिल्ली, एजेंसी। बॉलीवुड में इन दिनों सीक्रेल्स की बहार आई हुई है। लगभग हर ब्लॉकबस्टर फिल्म का सीक्रेल बन रहा है। ऐसी ही एक फिल्म जो चर्चा में है, वो वॉर 2 है। इस फिल्म के पहले पार्ट, वॉर में टाइगर श्रॉफ , ऋतिक रोशन और वाणी कपू ने अहम भूमिका निभाई थी। यह फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई थी और फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त रिस्पांस मिला था। जिसके बाद मेकर्स ने फिल्म का दूसरा पार्ट यानी वॉर 2 बनाने का फैसला लिया। पहले फिल्म में जूनियर एनटीआर की एंट्री की खबर आई थी और अब फिल्म में एक और एक्ट्रेस की एंट्री हुई है। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में आलिया भट्ट और शारवरी वाघ भी नजर आ सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स का यह कहना है कि यशराज फिल्म्स ने वॉर 2 अलिया भट्ट को ऑफर की है।**

फिलहाल इस बारे में तो कोई जानकारी नहीं आई है कि अलिया ने फिल्म को एक्सेप्ट किया है या नहीं लेकिन उन्हें फिल्म ऑफर हुई है। ऐसे में आलिया भट्ट और जूनियर एनटीआर फिल्म में चार चांद लगा देंगे। फिल्म को ब्रह्मास्त्र फिल्म के डायरेक्टर अयान मुखर्जी डायरेक्ट कर रहे हैं। अयान मुखर्जी ने आलिया के साथ ब्रह्मास्त्र में काम किया है तो ये उनकी दूसरी फिल्म होगी। कहा ये भी जा रहा है कि आलिया को अयान ने ही सजेस्ट किया होगा। वॉर 2 में जूनियर एनटीआर ऋतिक रोशन से भिड़ेंगे और यह एक एपिक एक्शन

### वाणी कपूर का कटेगा पत्ता?

एडवेंचर होगी। वॉर 2 एक ट्रू- ब्लू पैन इंडिया फिल्म बनेगी, जिसमें साउथ और नॉर्थ इंडस्ट्री के टॉप सुपरस्टार्स को कास्ट किया गया है। बता दें कि यह वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म होगी, जिसमें टाइगर 3 के इवेंट्स भी दिखाए जाएंगे। सलमान खान की एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, 2019 में रिलीज हुई थी इसके बाद ऋतिक रोशन की वॉर, 2022 में रिलीज हुई। वहीं शाहरुख खान की पठान और जल्द ही रिलीज होने वाली सलमान खान की टाइगर 3 के बाद ऋतिक रोशन की वॉर 2 इस स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म है।

सिटी न्यूज

कटनी, सोमवार 10 अप्रैल 2023

यश भारत | 8

फोन- 230033

# शहरवासियों को मिल सकती है दो वंदे भारत ट्रेन की सौगात

## जबलपुर-इंदौर सोमनाथ एक्सप्रेस की तरह सप्ताह में तीन दिन कटनी मुड़वारा होकर चल सकती

**कटनी, यशभारत।** जबलपुर से इंदौर के बीच चलने वाली वंदेभारत ट्रेन को सोमनाथ एक्सप्रेस की तरह सप्ताह में तीन दिन कटनी मुडवारा स्टेशन होकर चलाया जा सकता है जबकि रेलवे ने रीवा से भोपाल के बीच एक और वंदे भारत ट्रेन कटनी होकर चलाने की तैयारी कर रहा है। अगर ये दोनों प्रस्ताव अमल में आए तो शहरवासियों को दो वंदे भारत ट्रेन सौगात मिल सकती है। जबलपुर-इंदौर वंदे भारत ट्रेन को चलाने की तैयारियां जबलपुर में तथा रीवा-भोपाल वंदे भारत ट्रेन को चलाने की तैयारियां रीवा में तेज हो गई हैं। जबलपुर-इंदौर वंदेभारत ट्रेन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के बाद जबलपुर से विशेषज्ञों की टीम रीवा पहुंची और संभावनाओं का पता लगाया। वंदेभारत ट्रेन अभी देश के चुनिंदा रूट पर चल रही है। रीवा और सतना में इसकी मांग बीते कई माह से की जा रही है। रेलवे की सबसे आधुनिक और तेज रफ्तार से चलने वाली वंदे भारत ट्रेन जल्द ही रीवा-सतना से भोपाल के बीच चलाए जाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। 7 अप्रैल को जबलपुर मंडल के चार अधिकारियों ने रीवा कोचिंग डिपो का निरीक्षण किया। अब कोचिंग डिपो की जांच रिपोर्ट मंडल और जोन के वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपी जाएगी। इसके बाद रेलवे बोर्ड और पीएमओ के पास भेजी जाएगी। वहां से मंजूरी मिलने के बाद ट्रेन पटरी पर दौड़ने लगेगी। वंदे भारत ट्रेन रीवा, सतना व कटनी से चलाए जाने से रेवांचल सुपरफास्ट में लगातार चल रही लंबी वेटिंग से लोगों को राहत मिलेगी। वहीं जबलपुर-इंदौर वंदे भारत ट्रेन को सोमनाथ एक्सप्रेस की तरह सप्ताह में तीन दिन कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर चलाए जाने से नर्मदा एक्सप्रेस सहित दूसरी ट्रेनों में भी यात्री दबाव कम होगा। हालांकि अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं है। यह भी हो सकता है कि जबलपुर से इंदौर वंदे भारत ट्रेन को ही रीवा से भोपाल के बीच चलाया जाए लेकिन इतना तय है कि शहरवासियों को वंदे भारत ट्रेन का लाभ जरूर मिलेगा। चाहे वो जबलपुर या फिर रीवा से चले।

**रीवा-भोपाल वंदे भारत ट्रेन भी कटनी होकर चलेगी**

### चेयरकार कोच होने से रूट तय करने में आ रही परेशानी



रेलवे की सबसे आधुनिक और तेज रफ्तार ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस को चलाने की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। अभी इस ट्रेन का रूट तय नहीं किया गया है, जिस वजह से इन रैकों के आने में देरी हो रही है। हालांकि ट्रेन के आधुनिक कोचों के मेंटेनेंस के लिए रीवा स्टेशन पर कोचिंग डिपो बनाया जाएगा। जिसके लिए जगह और इससे जुड़ी तैयारी अंतिम चरण में है। जल्द ही यहां पर कोचिंग डिपो बनाने का काम भी शुरू हो जाएगा। वंदे भारत एक्सप्रेस के एक रैक में 11 कोच हैं। सभी कोच चेयरकार हैं यानी कोच में चेयर हैं, जिसमें बैठकर यात्री को अपना सफर तय करना होगा।

### ऐसे हैं इस ट्रेन के कोच

- रेलवे द्वारा भारत में तैयार की गई वंदेभारत ट्रेन के कोच सुरक्षित और सर्वसुविधा से युक्त हैं।
- रैक में 11 कोच हैंए जिसमें स्वचलित दरवाजे हैंए जो स्टेशन आने पर ही खुलते हैं।
- रैक में लगी कुर्सी आरामदायक है और यह रैक पूरी तरह से वार्तानुकूलित है।
- इन रैक में यात्रियों के लिए पीने के पीने से लेकर खाने तक की व्यवस्था रखी है।
- कोच में कैमरे लगे हैंए जिससे सफ्र और सुरक्षित बन जाता है।
- रैक के दोनों ओर इंजन है, जिससे इसमें इंजन नहीं बदलना पड़ता।

### तीन मंडल में बनेंगे तीन कोचिंग डिपो

पश्चिम मध्य रेलवे के तीन मंडल जबलपुर, भोपाल और कोटा को तीन वंदे भारत एक्सप्रेस के रैक मिलने हैं। रैक आने से पहले इनके मेंटनेंस के लिए तीनों मंडल में कोचिंग डिपो बनाने के लिए तीन स्टेशनों का चयन कर लिया गया है। जबलपुर रेल मंडल में जहां रीवा स्टेशन को चुना गया है तो वहीं भोपाल मंडल में कमलापति स्टेशन और कोटा मंडल में कोटा स्टेशन के पास कोचिंग डिपो बनाया जाएगा। यहां पर वंदे भारत के आधुनिक कोचों की सफाई से लेकर मेंटेनेंस को काम होगा। इसके लिए कोचिंग डिपो के अधिकारी और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाना।

### रूट तय नहीं कर पा रहा रेलवे

पश्चिम मध्य रेलवे के तीनों मंडल को वंदे भारत के तीन रैक दिए जाने हैं लेकिन अभी तीनों मंडल में रूट तय नहीं किया गया है। सूत्रों के मुताबिक जबलपुर रेल मंडल ने यह ट्रेन रीवा से निजामुद्दीन के बीच चल सकती है। वहीं भोपाल मंडल में इस ट्रेन को कमलापति स्टेशन से निजामुद्दीन के बीच चलाने की तैयारी है लेकिन अभी तक रेलवे ने इस रूट की घोषणा नहीं की है। सूत्र बताते हैं कि रूट तय करने में रेलवे के साथ जनप्रतिनिधियों का दबाव भी है। हर कोई इस ट्रेन को अपने क्षेत्र से चलाने पर दबाव बना रहा है। यही हाल जबलपुर मंडल में ही है। इस वजह से रेलवे रूट तय करने में पीछे हट रहा है।

### आरामदायक रहेगा सफर

रेलवे से जुड़े जानकार बताते हैं कि वंदे भारत एक्सप्रेस के रैक में 11 कोच हैं जो सभी चेयरकार हैं। इस वजह से ट्रेन में सफर करने वाले यात्री को पूरा सफर बैठकर ही तय करना होगा। इस वजह से रेलवे इस ट्रेन को ऐसे रूट पर चलाना चाहता है। जिसका सफर कम से अधिकतम सात से आठ घंटे का हो। सूत्रों की माने तो इतने समय में जबलपुर से निजामुद्दीन पहुंचना मुश्किल है। हालांकि इस समय अंतराल में कटनी या रीवा स्टेशन से निजामुद्दीन पहुंच जा सकता है। यही वजह है कि इस ट्रेन के कोच मेंटनेंस के लिए रीवा स्टेशन का चयन किया गया है। हालांकि रेलवे अभी ट्रेन के रूट बताने से बच रहा है।

# लोमति से बनारस के बीच कटनी होकर चलेगी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

## ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने रेलवे का निर्णय

**कटनी, यशभारत।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान ट्रेनों में होने वाली यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने रेलवे के द्धारा लगातार ग्रीष्मकालीन अवकाश विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में लोकमान्य तिलक टर्मिनस से बनारस के बीच छह-छह ट्रिप साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन कटनी होकर चलाने का निर्णय लिया गया है। रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 01053 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक सोमवार को 1, 8, 15, 22, 29 मई एवं 5 जून को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से 12:15 बजे चलकर अगले दिन मंगलवार को इटारसी 00:20 बजे, पिपरिया 01:40 बजे, जबलपुर 04:30 बजे, कटनी 07:00 बजे, मैहर 07:42 बजे, सतना 08:25 बजे और मंगलवार को 16:05 बजे बनारस स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01054 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस प्रत्येक मंगलवार को 2, 9, 16, 23, 30 मई एवं 6 जून को बनारस से 20:30 बजे चलकर बुधवार को सतना 03:00 बजे, मैहर 03:30 बजे, कटनी 04:25 बजे, जबलपुर 06:00 बजे, पिपरिया 08:18 बजे, इटारसी 10:10 बजे और बुधवार को 23:55 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी।

### मुम्बई-मालदा स्पेशल ट्रेन भी कटनी होकर

रेल प्रशासन ने छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-मालदा टाउन के बीच दोनों दिशाओं में 5-5 ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना होकर होकर जाएगी। गाड़ी संख्या 01031 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-मालदा टाउन एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 1, 8, 15 और 29 मई को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन से 11:05 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन 00:45 बजे मालदा स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01032 मालदा टाउन-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्स स्पेशल ट्रेन 3, 10, 17, 24 और 31 मई को मालदा टाउन स्टेशन से 12:20 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन 03:50 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी।

# 14 अप्रैल तक गिरवर स्टेशन पर नहीं रूकेगी बीना-कटनी मेमू

**कटनी, यशभारत।** जबलपुर मंडल के कटनी-बीना रेल खंड पर थर्ड लाइन को जोड़ने के प्री नॉन इंटरलॉकिंग, नॉन इंटरलॉकिंग कार्य कराया जाना है। इसके चलते बीना-कटनी-बीना एक्सप्रेस मेमू ट्रेन एवं बीना-दमोह-बीना अनारक्षित पैसेंजर ट्रेन गाड़ियों का गिरवर स्टेशन पर अस्थाई तौर से 14 अप्रेल तक ठहराव नहीं रहेगा। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 11601/11602 बीना-कटनी-बीना एक्सप्रेस मेमू ट्रेन दोनों दिशाओं में 8 अप्रेल से 14 अप्रेल तक प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान होने वाली गाड़ियों का गिरवर स्टेशन पर अस्थाई तौर पर ठहराव नहीं रहेगा। इसी प्रकार 01885/01886 बीना-दमोह-बीना अनारक्षित पैसेंजर ट्रेन दोनो दिशाओं में 14 अप्रेल तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान होने वाली गाड़ियों का गिरवर स्टेशन पर अस्थाई तौर पर ठहराव नहीं रहेगा।

# बोरा बंद लाशों की शिनाख्त में कामयाब नहीं हो रही पुलिस

## ढीमरखेड़ा के पहले बरही में भी मिली थी बोरे बंद लाश

**कटनी, यशभारत।** हत्या के बाद बोरे में बंद कर फेंकी गई लाशों की गुत्थी सुलझाने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। हत्यारों का सुराग व गिरफ्तारी तो दूर पुलिस इन लाशों की पहचान तक करने में असफल रहती है। ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र की सिलौड़ी पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम दशरमन गांव में बीते बुधवार को बोरे में बंद मिली युवक की लाश की पहचान आज तक नहीं हो पाई है लेकिन यह पहला मामला नहीं है, जब पुलिस को ऐसे मामले में असफलता हाथ लग रही है बल्कि इसके पूर्व बरही थाना अंतर्गत बाण सागर के डूब प्रभावित क्षेत्र में भी एक बोरे बंद लाश मिली थी। जिसकी पहचान भी आज तक नहीं हो पाई है। लाशों की पहचान न हो पाने के कारण उसकी गुत्थी भी नहीं सुलझ पा रही है। गौरतलब है कि ग्राम दशरमन से सिहोरा की ओर जाने वाली रोड पर पांच मार्च को बोरे के अंदर युवक की लाश मिली थी। इस मामले में पुलिस के हाथ अब भी खाली हैं। युवक की पहचान भी नहीं हो सकी है। इससे हत्या की गुत्थी उलझी हुई है। मृतक कि पहचान के लिए पुलिस टीम ढीमरखेड़ा क्षेत्र के अलावा कुंडम, बघराजी, सिहोरा और मझगवां थाने में दर्ज हुए गुमशुदा व्यक्तियों की जानकारी जुटा रही है। इसके अलावा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। सिलौंड़ी पुलिस चौकी प्रभारी हरवचन सिंह ने बताया कि मृतक कि पहचान करने के लिए पुलिस टीम कुंडम, बघराजी, सिहोरा और मझगवां थाना क्षेत्र से गुम हुए व्यक्तियों के संबंध में जानकारी ले रही है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई हैं। मामले की जांच की जा रही है।



### बरही में भी मिली थी बोरे बंद लाश



ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम दशरमन के लगभग एक वर्ष पूर्व बरही थाना क्षेत्र के तिमुआ के समीप महानदी में बोरे में बंद युवक की लाश मिली थी। मृतक के शरीर में कपड़ों के नाम पर केवल अंडरवियर था तथा हाथ-पैर रस्सी से बंधे थे। मछलियों ने भी शव को कई जगह से नोंच लिया था। पुलिस ने दो डॉक्टरों की टीम से शव का पीएम कराया था। उसके सीने एवं पेट में धारदार हथियार के घाव थे। पुलिस का अनुमान था कि किसी ने हत्या कर शव को नदी में फेंक दिया है। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र 35 से 40 साल के बीच होगी। पुलिस आज तक इस लाश की भी शिनाख्त नहीं कर पाई है। लाश प्लास्टिक की बोरी में बंद थी। बोरी फट जाने की वजह से सिर एवं हाथ-पैर दिखने लगे थे। छुई खदान के पास भराव क्षेत्र वाले एरिया में झाड़ियों के पास पानी में तैरती हुई जब गांव वालों ने देखी तो सन्न रह गए और थोड़ी ही देर में यहां भीड़ लग गई। शव सड़-गल चुका था और उससे बदबू आ रही थी।

### शिनाख्त बनी चुनौती

पुलिस ने दोनों ही मामलों में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध हत्या कर साक्ष्य छिपाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के सामने शवों की शिनाख्त किसी चुनौती से कम नहीं है। पुलिस का मानना है कि लाशों की शिनाख्त के बाद दोनों ही मामलों में हत्या की गुत्थी सुलझ सकती है लेकिन अभी शवों की शिनाख्त बड़ी चुनौती है।



# बम बुलेट का कटा 5 हजार का चालान

## लाइमस्टोन से ओवरलोड हाइवा पर भी लगाया जुर्माना

**कटनी, यशभारत।** बुलेट मोटर सायकल में गोली व बम की आवाज निकालने वाला साइलेंसर लगाना एक युवक को महंगा पड़ गया। कोतवाली पुलिस ने ऐसे वाहन चालक पर पांच हजार रूपए का जुर्माना लगाया है। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देश पर जिले भर में पुलिस के द्धारा चालानी कार्रवाई की जा रही है। गतदिवस कोतवाली थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में खिरहनी फाटक पुलिस चौकी प्रभारी के.के.पटेल, सहायक उपनिरीक्षक शशिभूषण दुबे ने हमराह स्टाफ के साथ 25 गाड़ियों के चालान काटे। जिसमें काली फिल्म की कार बिना नंबर प्लेट की मोटरसायकल, बिना हेलमेट व एक बुलेट वाहन जिसके सायलेंसर में बम विस्फोट के साउंड निकालने का सिस्टम लगा था। पुलिस ने बुलट मोटर सायकल के चालक का 5 हजार रूपए का चालान काटा है। उधर रविवार को पन्ना मोड़ पर यातायात प्रभारी विनोद दुबे ने ओवरलोड हाइवा वाहनों पर कार्रवाई की। मौके से लाइमस्टोन लेकर जा रहे तीन ओवरलोड वाहनों को पकड़ा गया। यातायात प्रभारी दुबे ने बताया कि हाइवा वाहन क्रमांक एम.पी.21एच-5025 व एम.पी.21एच-2225 पर 15 हजार व वाहन क्रमांक एम.पी.20एचबी-6913 पर 11 हजार का जुर्माना ओवरलोडिंग पर किया गया है। उन्होंने बताया कि शहर में सीमाओं पर अलग-अलग स्थानों पर ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

तांडव
दर्द का जानी दुश्मन
गठियावात
कमर दर्द
जोड़ो का दर्द
सूजन
मासपेशीयों का दर्द
सभी प्रकार के वात रोगों में उपयोगी
तांडव तेल
TANDAV HERBAL PHARMACY
Customer Care: +91 7974979179

डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई
चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
देवपद
स्किन एवं हेयर क्लीनिक
मिलने का समय- सोमवार से शनिवार
सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने
झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

!! श्री गणेशाय !!
मो. 8369562213
7389842026
आर. के. इलेक्ट्रानिक एण्ड इलेक्ट्रिकल
हमारे यहाँ वाशिंग मशीन, फ्रीज, माइक्रोवेव ओवन, हेयर ड्रायर, स्टीम आयरन, स्मार्ट टी.वी., फैन, मिक्सर ग्राइंडर, वाटर प्यूरीफायर एवं सभी इलेक्ट्रिकल आइटम रिपेयर किये जाते हैं।
शॉप नं.25 सूरज बैटरी के बगल से बस स्टैण्ड कटनी (म.प्र.)

वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक चौदहा
एम.बी.बी.एस.डी.सी.एच.
क्लीनिक- राष्ट्रीय स्कूल के पास, घंटाघर रोड, कटनी
मरीज देखने का समय- 10.30 से 3 बजे तक
निवास- डन कॉलोनी बरगवां, कटनी
मरीज देखने का समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक सायं 6.30 से रात्रि 8 बजे तक
मो. 9893723087, 8319994375

सभी प्रकार के रेडीमेड प्रीकास्ट वॉल हमारे यहां उचित रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
बजाज इंडस्ट्रीज
पता- इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 142 कटायेघाट, कटनी
मो. 8889696888

गर्मी से HEAT RESISTANCE
बारिश से WATER PROOF
Roof, Slab, Tinshed, Asbestos shed Solutioning
एक दाम दो काम
Well-Done Service @₹35/sq. ft.
Tvarit Enterprises, Nigam Marg, Near Hotel Blue Diamond, Nai Basti, Katni
Call us: 6261524050

SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ.दीपक सक्सेना
डॉ.शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

यशभारत हैल्पलाइन
अखबार की प्रति के लिए फोन करें-
230033

SGAT
Johnson Pedder The smarter choice.
SETMAX CERAMIC
AVENUE
शकुंतला ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स
सभी प्रकार के मार्बल, ग्रेनाईट टाईल्स, कड़प्पा, कोटा, सीमेंट सेनेटरी के थोक एवं फुटकर विक्रेता
पता- आस्था प्लाजा के बगल में बरगवां, कटनी (म.प्र.),
मो. 9009767272, 7694800301, 9981895362
ईमेल- sgatkani11@gmail.com

MR.DIY
NOW OPEN
City Mall - Katni

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)